दैनिक
# बुद्ध का संदेश
हिन्दी समाचार पत्र
एक विश्वास...
लखनऊ, कानपुर, कन्नौज, बरेली, सीतापुर, सोनभद्र, गोण्डा, बाराबंकी, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, अम्बेडकरनगर, फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, महराजगंज, रामपुर, रायबरेली, में एक साथ प्रसारित।
सम्पादक : राजेश शर्मा
बलरामपुर
सोमवार, 30 मार्च 2026
वर्ष: 05 अंक : 177 पृष्ठ: 8
आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया
फिल्म वध 2 की ओटीटी ...8
9415163471, 9453824459 Dainik Budh ka sandesh @budhakasandesh budhakasandeshnews@gmail.com www.budhakasandesh.com

## बीजेपी सरकार बनी तो 5 साल में हर घुसपैठिया होगा बाहरः शाह



सोनितपुर। गृह मंत्री अमित शाह ने असम के सोनितपुर जिले की ढेकियाजुली विधानसभा में एक विशाल जनसभा को संबोधित किया। अपने भाषण के दौरान उन्होंने असम की सुरक्षा, रोजगार और विकास को मुख्य मुद्दा बनाया। शाह ने जनता से अपील की कि वे केवल मुख्यमंत्री या मंत्री चुनने के लिए नहीं, बल्कि असम को घुसपैठियों से पूरी तरह मुक्त करने के लिए वोट दें। अमित शाह ने स्वीकार किया कि हालांकि पिछले दस वर्षों में नई घुसपैठ को रोकने में सफलता मिली है, लेकिन अभी भी कई अवैध लोग राज्य में मौजूद हैं। उन्होंने संकल्प लिया कि अगर भाजपा तीसरी बार सत्ता में आती है, तो अगले पांच वर्षों में हर घुसपैठिए की पहचान कर उन्हें बाहर निकाला जाएगा। शाह ने कहा कि ये घुसपैठिए असम के युवाओं के रोजगार और संसाधनों पर अवैध कब्जा जमाए हुए हैं। शाह ने आतंकवाद मुक्त असम का दावा किया: कांग्रेस पर निशाना साधते हुए गृह मंत्री ने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में असम ने केवल बम धमाके और हिंसा देखी थी। इसके विपरीत, पीएम मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने असम को आतंकवाद से मुक्त किया है और लगभग 10,000 युवाओं को हथियार छोड़कर मुख्यधारा में शामिल होने में मदद की है।

### शाह ने सर्जिकल स्ट्राइक का जिक्र किया

शाह ने देश की सुरक्षा का मुद्दा उठाते हुए कहा कि कांग्रेस के समय पाकिस्तान से आतंकी आकर धमाके करते थे, लेकिन अब मोदी सरकार है। उन्होंने उरी के बाद श्सर्जिकल स्ट्राइकश, पुलवामा के बाद श्एयर स्ट्राइकश और पहलगाम हमले के बाद श्ऑपरेशन सिंदूरश का जिक्र करते हुए बताया कि कैसे आतंकियों का सफाया किया गया। उन्होंने कांग्रेस नेता गौरव गोगोई से सवाल किया कि क्या वे घुसपैठियों के साथ खड़े हैं या उनके खिलाफ।

### असम के महापुरुषों का सम्मान

अमित शाह ने गोपीनाथ बोरदोलोई और भूपेन हजारिका जैसे असम के दिग्गजों का जिक्र करते हुए कांग्रेस पर उन्हें नजरअंदाज करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि बोरदोलोई जी ने असम को पूर्वी पाकिस्तान में मिलने से बचाया था, फिर भी कांग्रेस ने उन्हें भारत रत्न नहीं दिया। यह सम्मान उन्हें अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में मिला। इसी तरह श्भूपेन दाश को भी मोदी सरकार ने ही भारत रत्न से सम्मानित किया।

### पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच सरकार का बड़ा आश्वासन

## देश में पेट्रोल–डीजल का भरपूर स्टॉक, अफवाहों से बचें




पश्चिम एशिया में जारी तनाव और युद्ध की स्थिति को देखते हुए भारत के पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने रविवार को देश की ऊर्जा सुरक्षा और आपूर्ति को लेकर एक महत्वपूर्ण अपडेट जारी किया है। सरकार ने स्पष्ट किया है कि अंतरराष्ट्रीय हलचल के बावजूद भारत में ईंधन और गैस की कोई कमी नहीं है।

ईंधन और गैस की आपूर्ति सामान्य: मंत्रालय ने देशवासियों को आश्वस्त किया है कि भारत के सभी पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। जनता से अपील की गई है कि वे सोशल मीडिया या अन्य माध्यमों से फैलने वाली किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान न दें और न ही घबराएं।

यूरिया संयंत्र और एलएनजी की स्थिति: खाद उत्पादन के लिए जरूरी यूरिया संयंत्रों को गैस की आपूर्ति पिछले 6 महीनों के औसत के 70–75ः पर स्थिर बनी हुई है। सरकार ने बताया है कि इस आपूर्ति को पूरी तरह बनाए रखने के लिए अतिरिक्त एलएनजी और आर–एलएनजी की विशेष व्यवस्था की जा रही है, ताकि खेती और उद्योगों पर कोई असर न पड़े।

एलपीजी और नए गैस कनेक्शन: मार्च महीने के दौरान घरेलू, कमर्शियल, हॉस्टल और कैंटीन जैसी श्रेणियों में 2.9 लाख से अधिक नए गैस कनेक्शन जारी किए गए हैं। इसके अलावा, लगभग 94,000 मीट्रिक टन एलपीजी लेकर दो बड़े मालवाहक जहाज सुरक्षित रूप से युद्ध प्रभावित क्षेत्र से निकलकर भारतीय तटों की ओर बढ़ रहे हैं।

बंदरगाहों और दूतावासों की सक्रियता: भारत के सभी पोर्ट्स सामान्य रूप से काम कर रहे हैं और कहीं भी जहाजों की भीड़ या रुकावट की खबर नहीं है। सरकार खाड़ी देशों के हालात पर बारीकी से नजर रख रही है। भारतीय दूतावास वहां रह रहे नागरिकों, छात्रों और नाविकों को वीजा और अन्य जरूरी रसद सहायता निरंतर प्रदान कर रहे हैं।

# पलक्कड़ से पीएम मोदी का एलडीएफ पर बड़ा हमला, बोले- पाई-पाई का हिसाब होगा



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केरल के पलक्कड़ में एक बड़ी जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा के चुनाव अभियान की शुरुआत की। इस दौरान उन्होंने राज्य की एलडीएफ सरकार और कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि केरल की जनता अब बदलाव चाहती है और एनडीए का लक्ष्य राज्य के लोगों के सपनों को पूरा करना है। केरल के भ्रष्टाचार पर तीखा प्रहारः राज्य की आर्थिक स्थिति पर सवाल उठाते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि केरल पर आज 5 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का कर्ज है, जो पिछले 10 साल में तीन गुना बढ़ गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह पैसा विकास के बजाय एलडीएफ की जेबों में गया है। पीएम ने वादा किया कि जब केरल में भाजपा की सरकार आएगी, तो भ्रष्ट लोगों से पाई–पाई का हिसाब लिया जाएगा और उनकी अवैध संपत्ति वापस लेकर राज्य के विकास में लगाई जाएगी। कांग्रेस और वामपंथियों के श्गुप्त गठबंधनश से सावधान रहने की सलाहः मोदी ने जनता को आगाह करते हुए कहा कि दिल्ली और तमिलनाडु में हाथ मिलाने वाली कांग्रेस और कम्युनिस्ट पार्टियां केरल में एक–दूसरे का विरोधी होने का दिखावा करती हैं। उन्होंने इसे जनता को धोखा देने वाला इंडी गठबंधन बताया। पीएम ने कहा कि यूडीएफ और एलडीएफ दोनों मिलकर भाजपा को इसलिए निशाना बना रहे हैं क्योंकि उन्हें डर है कि सत्ता में आने पर भाजपा उनके पुराने घोटालों का पर्दाफाश कर देगी।

### पश्चिम एशिया युद्ध और भारतीयों की सुरक्षा पर बोले पीएम

प्रधानमंत्री ने दुनिया के मौजूदा हालातों का जिक्र करते हुए कहा कि पश्चिमी एशिया में चल रहे युद्ध पर भारत की पैनी नजर है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सरकार कोशिश कर रही है कि इस युद्ध का भारत पर कम से कम असर पड़े। केरल के कई लोग उन युद्धग्रस्त इलाकों में काम कर रहे हैं, जिनकी सुरक्षा के लिए पीएम खुद वहां के राष्ट्राध्यक्षों से संपर्क में हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के लिए भारतीयों के हितों की सुरक्षा सबसे ऊपर है, जबकि इस मामले पर कांग्रेस की बयानबाजी खतरनाक है।

### नारीशक्तिवंदन अधिनियम का किया जिक्र

पीएम मोदी ने महिलाओं की सुरक्षा के मुद्दे पर कांग्रेस को घेरते हुए कहा कि पलक्कड़ में कांग्रेस नेताओं ने महिलाओं की चिंताएं बढ़ाई हैं। उन्होंने हाल ही में एक कांग्रेसी नेता के निष्कासन का जिक्र करते हुए कहा कि केरल की महिलाओं को इन पार्टियों की सच्चाई समझनी चाहिए। उन्होंने जोर दिया कि भाजपा श्महिला नेतृत्व वाले विकासश पर विश्वास करती है, जिसके लिए केंद्र सरकार ने श्नारीशक्ति वंदन अधिनियमश पास किया है ताकि विधानसभा और संसद में महिलाओं की भागीदारी बढ़े।

## ईरान ने अब्राहम लिंकन को उड़ाने की दी धमकी, अलर्ट पर यूएस और इजरायल की सेनाएं



पश्चिम एशिया में अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच हालात बेहद नाजुक हो गए हैं। ईरान ने सीधी चेतावनी दी है कि अगर अमेरिकी नौसेना का जहाज श अ ब्राहम लिंकनश उनकी पहुंच में आया, तो वे उस पर हमला कर देंगे। खबरों के मुताबिक, ईरान ने अपने ड्रोन और मिसाइल हमलों को काफी तेज कर दिया है, जिससे पूरे इलाके में खतरे की घंटी बज गई है। हमलों का सिलसिला जारीः ईरान लगातार इजरायल और अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बना रहा है। इसके जवाब में अमेरिका और इजरायल ने भी अपनी सैन्य कार्रवाई आक्रामक कर दी है। दोनों तरफ से बढ़ते हमलों ने इस क्षेत्र में शांति की उम्मीदों को कम कर दिया है और तनाव को एक खतरनाक स्तर पर पहुंचा दिया है। खाड़ी देशों में हाई अलर्टः इस बढ़ते विवाद को देखते हुए सऊदी अरब, यूएई और कतर जैसे देशों ने अपनी सुरक्षा बढ़ा दी है। दुबई और दोहा जैसे बड़े शहरों में हवाई हमलों से बचने वाले श्एयर डिफेंस सिस्टमश को एक्टिव कर दिया गया है, ताकि किसी भी अनहोनी को टाला जा सके।

### तेल सप्लाई और अर्थव्यवस्था पर संकट

दुनिया के सबसे जरूरी तेल मार्ग श्स्ट्रेट ऑफ होर्मुजश पर भी खतरे के बादल मंडरा रहे हैं। अगर यहां युद्ध जैसे हालात बनते हैं, तो पूरी दुनिया में कच्चे तेल की सप्लाई रुक सकती है। इससे पेट्रोल–डीजल की कीमतें बढ़ेंगी और वैश्विक अर्थव्यवस्था को बड़ा नुकसान हो सकता है।

### अंतरराष्ट्रीय शांति की अपील

बढ़ते खतरे को देखते हुए संयुक्त राष्ट्र और दुनिया के कई देशों ने सभी पक्षों से शांति बनाए रखने की अपील की है। हालांकि, जमीन पर हालात अब भी काफी तनावपूर्ण बने हुए हैं और फिलहाल संघर्ष रुकता हुआ नहीं दिख रहा है।

## दिल्ली में एमसीडी नियम बदले, अब जेल नहीं पर गंदगी फैलाने से कुत्ता घुमाने तक लगेगा भारी जुर्माना



दिल्ली नगर निगम के पुराने नियमों में बड़े बदलाव की तैयारी कर ली गई है। वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने लोकसभा में जन विश्वास (प्रावधान संशोधन) विधेयक, 2026 पेश किया है। इस विधेयक का मुख्य उद्देश्य छोटे अपराधों के लिए जुर्माने की राशि को बढ़ाना और पुराने कानूनों को आज के समय के अनुसार प्रासंगिक बनाना है। नए विधेयक के तहत, यदि कोई मालिक अपने पालतू कुत्ते को बिना पट्टे के सड़क पर घुमाता है, तो उसे अब 50 रुपये के बजाय 1,000 रुपये जुर्माना देना होगा। इसी तरह, सड़कों पर मवेशियों (गायों या भैंसों) को बांधने पर भी जुर्माने की राशि 100 रुपये से बढ़ाकर 1,000 रुपये करने का प्रस्ताव है। सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने और पेशाब करने वालों पर अब सख्त कार्रवाई होगी। पहले इसके लिए अधिकतम 50 रुपये का जुर्माना था, जिसे अब बढ़ाकर 500 रुपये कर दिया गया है।

## ईरान ने कुवैत के सैन्य शिविर पर दागी मिसाइल, 10 सैनिक घायलय इजरायल में चीन से जुड़ा केमिकल प्लांट भी तबाह

नई दिल्ली। मध्य पूर्व में चल रहे युद्ध को लेकर एक बड़ी खबर सामने आई है। जानकारी के अनुसार कुवैत के सैन्य शिविर पर मिसाइल हमले किए गए है। कुवैत की सेना ने बताया कि एक सैन्य शिविर पर हुए मिसाइल हमले में 10 सैनिक घायल हो गए। इसके साथ ही इजरायल की कंपनी ADAMA का कहना है कि इजरायल के केमिकल प्लांट पर भी मिसाइल या उसके मलबे से हमला किया गया है। हालांकि इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ है। सक्रिय तत्वों और फसल सुरक्षा सामग्री बनाने वाली इजरायल की कंपनी ADAMA ने इस बात की जानकारी दी है। बताया गया कि कि दक्षिणी इजरायल में स्थित उसके मख्तेशिम प्लांट पर या तो किसी ईरानी मिसाइल से हमला हुआ, या फिर मिसाइल के मलबे से नुकसान पहुंचा है। जानकारी के अनुसार यह प्लांट चीनी स्वामित्व वाले सिंजेंटा ग्रुप का हिस्सा है। वहीं दूसरी ओर ईरान और अमेरिका–इजरायल के बीच युद्ध रोकने के लिए कूटनीति प्रयास तेजी से जारी है। इसी कड़ी में रविवार को तुर्की, सऊदी अरब, मिस्र और पाकिस्तान के विदेश मंत्रियों की दो–दिवसीय बैठक इस्लामाबाद में शुरू हुई।

# असम चुनाव के लिए मल्लिकार्जुन खरगे ने किए 5 बड़े ऐलान, क्या भाजपा की बढ़ेगी टेंशन?



असम विधानसभा चुनाव से पहले, कांग्रेस ने राज्य की सत्ता में वापसी के लिए अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। रविवार को लखीमपुर जिले के नाओबोइचा में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पार्टी का घोषणापत्र जारी किया और जनता के लिए श्पांच मुख्य गारंटियोंश का एलान किया।

भाजपा सरकार पर डबल लूट का आरोपः रैली के दौरान खरगे ने भाजपा की डबल इंजन सरकार पर कड़ा प्रहार किया। उन्होंने आरोप लगाया कि यह श्डबल इंजनश नहीं बल्कि श्डबल लूटश की सरकार है, जो असम के संसाधनों का इस्तेमाल दिल्ली में बैठे नेताओं की तिजोरियां भरने के लिए कर रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा को नकली मुख्यमंत्री बताते हुए कहा कि उन्होंने धोखे से सत्ता हासिल की है और अब राज्य में डर का माहौल बना रहे हैं।

भेदभाव का मुद्दा उठायाः कांग्रेस अध्यक्ष ने दावा किया कि भाजपा के शासन में भ्रष्टाचार चरम पर है और उनके नेताओं के परिवार के सदस्य भी इसमें शामिल हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि भाजपा देश को पुराने श्मनुवादश के हिसाब से चलाना चाहती है, जहां दलितों और पिछड़ों के साथ भेदभाव किया जाता है। खरगे ने लोगों से एकजुट होकर ऐसी विभाजनकारी ताकतों को सत्ता से बाहर करने की अपील की।

असम के गौरव और विरासत की चर्चा कीः खरगे ने शंकर देव, गोपीनाथ बोरदोलोई और तरुण गोगोई जैसे महान व्यक्तित्वों को याद करते हुए कहा कि इन लोगों ने असम को बनाया है। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि जहां कांग्रेस ने आजादी की लड़ाई लड़ी और देश को एकजुट रखा, वहीं भाजपा केवल लोगों के बीच फूट डालने का काम कर रही है।

### कांग्रेस की पांच मुख्य गारंटियां

खरगे ने वादा किया कि यदि कांग्रेस सत्ता में आती है, तो यह कदम उठाए जाएंगे।

1. महिला कल्याणः महिलाओं के बैंक खातों में बिना शर्त नकदी ट्रांसफर की जाएगी और नया व्यवसाय शुरू करने के लिए 50,000 रुपये की सहायता दी जाएगी।
2. स्वास्थ्य सुरक्षाः हर परिवार को 25 लाख रुपये तक का कैशलेस स्वास्थ्य बीमा मिलेगा।
3. भूमि अधिकारः लगभग 10 लाख स्थानीय भूमिपुत्रों को भूमि का स्थायी पट्टा (मालिकाना हक) दिया जाएगा।
4. जुबीन गर्ग मामले में न्यायः असम के सांस्कृतिक प्रतीक स्व. जुबीन गर्ग की मृत्यु के मामले में 100 दिनों के भीतर जांच पूरी कर न्याय सुनिश्चित किया जाएगा।
5. बुजुर्ग सहायताः राज्य के वरिष्ठ नागरिकों को हर महीने 1,250 रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी।

# मैं मौत के मुंह से लौटी हूं

### अमित शाह के आरोपों पर बोलीं ममता बनर्जी




कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की टिप्पणियों पर कड़ी नाराजगी जताई है। दरअसल, अमित शाह ने एक दिन पहले तृणमूल कांग्रेस सरकार के खिलाफ श्राजनीतिक आरोपपत्रश जारी करते हुए ममता बनर्जी पर विक्टिम कार्ड खेलने का आरोप लगाया था। शाह ने कहा था कि चुनाव के समय ममता कभी अपनी चोट तो कभी चुनाव आयोग को मुद्दा बनाकर सहानुभूति बटोरने की कोशिश करती हैं। ममता ने कहा, मौत के मुंह से लौटकर आई हूंः पुरुलिया जिले के मानबाजार में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए ममता बनर्जी ने अमित शाह को सीधी चुनौती दी। उन्होंने कहा, श्जो लोग कह रहे हैं कि मैं चुनाव के दौरान पट्टी बांधकर घूमती हूं, वे जाकर मेरी विस्तृत मेडिकल रिपोर्ट देख लें। मैं बार–बार मौत के मुंह से वापस लौटी हूं।

## बेटे की मौत के बाद बहू से गुजारा भत्ता मांग सकते हैं सास–ससुर? इलाहाबाद हाई कोर्ट ने कहा– नहीं!



इलाहाबाद हाई कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण कानूनी व्यवस्था देते हुए स्पष्ट किया है कि नैतिक जिम्मेदारी को कानूनी जिम्मेदारी के तौर पर लागू नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने यह टिप्पणी एक बुजुर्ग दंपति की उस याचिका को खारिज करते हुए की, जिसमें उन्होंने अपने बेटे की मृत्यु के बाद अपनी बहू से गुजारा भत्ता दिलाने की मांग की थी।

क्या है पूरा मामला?ः एक बुजुर्ग दंपति, जिनका बेटा उत्तर प्रदेश पुलिस में कांस्टेबल था, उसकी 2021 में मृत्यु हो गई थी। बुजुर्गों का कहना था कि वे अनपढ़ हैं और पूरी तरह अपने बेटे पर निर्भर थे। बेटे की मृत्यु के बाद उसकी पत्नी (बहू), जो खुद भी यूपी पुलिस में कांस्टेबल है, उसे नौकरी से जुड़े सभी वित्तीय लाभ मिले। बुजुर्गों ने दलील दी कि पर्याप्त आय होने के कारण बहू का यह कर्तव्य है कि वह अपने सास–ससुर का ख्याल रखे।

नैतिक और कानूनी दायित्व के बीच अंतरः जस्टिस मदन पाल सिंह की पीठ ने 4 फरवरी को दिए अपने फैसले में कहा कि समाज में बहू का अपने सास–ससुर की सेवा करना एक नैतिक जिम्मेदारी मानी जा सकती

# बूथ सशक्त होगा तो संगठन मजबूत होगाः चन्द्र प्रकाश शुक्ला

दैनिक बुद्ध का संदेश

बस्ती। भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित प्रशिक्षण वर्ग रविवार को जनपद के मंडल गौर में विधिवत रूप से प्रारंभ हुआ। पहले दिन कुल चार सत्र सफलतापूर्वक संपन्न हुए, जबकि शेष तीन सत्र सोमवार को आयोजित किए जाएंगे। प्रशिक्षण वर्ग में शामिल सभी कार्यकर्ताओं के लिए रात्रि प्रवास अनिवार्य रखा गया है, जिससे संगठनात्मक अनुशासन और आपसी समन्वय को और अधिक सुढ़ किया जा सके।प्रशिक्षण वर्ग में जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र सहित चन्द प्रकाश शुक्ला, राम सिंगार ओझा, अमृत कुमार वर्मा, ने विभिन्न विषयों पर अपने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने भाजपा का इतिहास, वैचारिक अधिष्ठान, कार्य विस्तार की रणनीति, कार्य पद्धति, सोशल मीडिया, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एआई



तथा केंद्र व राज्य सरकार की उपलब्धियों पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया। इस दौरान जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र ने बूथ प्रबंधन के विषय पर विशेष रूप से जोर देते हुए कहा कि "भाजपा की वास्तविक ताकत उसके बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं में निहित है। यदि प्रत्येक बूथ सशक्त और सक्रिय होगा, तो संगठन अपने आप मजबूत होगा और चुनावी सफलता सुनिश्चित होगी।" उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे अपने–अपने बूथों पर मतदाता सूची का सूक्ष्म अध्ययन करें, नए मतदाताओं को जोड़ें तथा केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर–घर तक पहुंचाएं। उन्होंने आगे कहा कि प्रशिक्षण वर्ग का उद्देश्य कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से सशक्त करने के साथ–साथ उन्हें आधुनिक तकनीकों से भी जोड़ना है, ताकि बदलते समय में संगठन की कार्यशैली और अधिक प्रभावी बन सके। अंत में उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से पूर्ण समर्पण और अनुशासन के साथ संगठन के विस्तार में योगदान देने का आह्वान किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष राजेश कमलापुरी, विनोद सिंह, उमा शंकर पटवा, अरविन्द सिंह, प्रबल मालानी, राधेश्याम कमलापुरी, स्कंद शुक्ला, संतोष शुक्ला, अमन शुक्ला, सोनू पांडेय, राजेश कसौधन, राजकुमार जायसवाल, राजेश नारायण, श्याम बहादुर सिंह, विजय सिंह, राजेश कसौधन शगुरुजीश, अमरनाथ कसौधन, . ष्ण कुमार तिवारी, शिव कुमार तिवारी, विजय व्यास, मंशाराम, प्रदीप दूबे, अमित शुक्ला, रुबल कमलापुरी, अभय कसौधन, रविन्द्र कसौधन, वेद प्रकाश त्रिपाठी, सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नगर पंचायत नगर से रामधाम निःशुल्क यात्रा को अध्यक्ष नीलम सिंह ने किया रवाना

दैनिक बुद्ध का संदेश

बस्ती। नगर पंचायत नगर




बाजार से रामधाम निशुल्क यात्रा के चौथे चरण में श्रद्धालुओं का दल अयोध्या रवाना हुआ। पुष्प वर्षा और जय श्रीराम के उद्घोष के बीच रविवार को सुबह 8 बजे नगर पंचायत अध्यक्ष नीलम सिंह राना ने सभी यात्रियों को अंग वस्त्र पहनाकर अभिनंदन किया। उन्होंने श्रद्धालुओं से भरी बस को भगवा ध्वज दिखाकर यात्रा का शुभारम्भ किया। श्रीमती राना ने कहा कि नगर पंचायत नगर देश की पहली नगर पंचायत है जहां प्रत्येक माह के अन्तिम रविवार को 60 वर्ष से अधिक उम्र के श्रद्धालुओं को निःशुल्क धार्मिक यात्रा कराई जाती है। यात्रियों उन्होंने बताया कि अयोध्या धाम स्थित श्री राम जन्मभूमि, श्री हनुमान गढ़ी, पुत्रेष्टि यज्ञ स्थली बस्ती के मखौड़ा धाम तथा श्रीराम की शिक्षा स्थली गुरु तीर्थ वशिष्ठ आश्रम बढ़नी मिश्र होकर यह यात्रा पुनः श्री दुर्गा मन्दिर नगर बाजार आकर पूर्ण होती है।श्रीमती राना ने लोगों से अपील किया कि अपने घर के वरिष्ठों को इस यात्रा में सम्मिलित होने के लिए नगर पंचायत कार्यालय पर रजिस्ट्रेशन कराएं। उन्होंने कहा कि सेवा और विकास के पैमाने पर नगर को देश में मॉडल नगर बनाना हमारा लक्ष्य है। उत्तर प्रदेश राज्य पंचायत परिषद के प्रदेश अध्यक्ष राना दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि अमर बलिदानी राजा उदय प्रताप नारायण सिंह और स्वाधीनता सेनानी सरजू भगत निषाद के ऐतिहासिक धरती की सेवा करना सौभाग्य की बात है। श्री राना ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि नगर पंचायत के चतुर्दिक विकास के लिए सभी को एकजुट होकर कार्य करना चाहिए। इस अवसर पर सभासद राजेश पाण्डेय, राज कुमार चौधरी, अखिलेश यादव, सत्यराम निषाद, संजय सोनकर, राम सजन यादव, विजय जायसवाल, बिन्दू लाल, संदीप कुमार, विजय साहनी, देवेश धर द्विवेदी, राकेश कुमार पाण्डेय, देवेंद्र पाण्डेय सन्नी, सरोज देवी, विभा सिंह, श्रुति अग्रहरि, भरत राम, राम पाल प्रजापति, शेर सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# बस्ती में आरसीसी पब्लिक स्कूल का शानदार परिणाम, मेधावी छात्र–छात्राएं सम्मानित

दैनिक बुद्ध का संदेश

बस्ती। आरसीसी पब्लिक स्कूल में वार्षिक परिणाम एवं रिपोर्ट कार्ड वितरण समारोह हर्षोल्लास एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में विद्यालय के निदेशक शैलेश चौधरी एवं प्रधानाचार्य नवनीत दीक्षित ने मेधावी छात्रों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया।समारोह के दौरान सत्र के टॉपर छात्रों को विशेष रूप से निःशुल्क पुस्तकें एवं सम्मान प्रदान किया गया।




इसके साथ ही विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार वितरित किए गए। इनमें श्रेष्ठ व्यवहार, अनुशासन, समयपालन, स्वच्छता, ईमानदारी तथा सर्वाधिक प्रगति करने वाले छात्र के पुरस्कार प्रमुख रहे। पुरस्कार प्राप्त कर विद्यार्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठे और पूरे परिसर में उत्साह का माहौल बना रहा।सत्र टॉपर में नर्सरी से कक्षा 11 तक के छात्र–छात्राएं शामिल रहे। नर्सरी में अभिराज, एलकेजी में प्रदीक्षा, यूकेजी में शांति, कक्षा 1 में श्रेष्ठ मिश्रा, कक्षा 2 में आंशी पाल, कक्षा 3 में आलिया, कक्षा 4 में आस्था वर्मा, कक्षा 5 में अंशिका, कक्षा 6 में अमन यादव, कक्षा 7 में अभिषेक कुमार, कक्षा 8 में सोनाली, कक्षा 9 में नित्यम तथा कक्षा 11 के विज्ञान वर्ग में शालू, कॉमर्स में अर्पित एवं कला वर्ग में समीक्षा ने शीर्ष स्थान प्राप्त किया।इस अवसर पर निदेशक एवं प्रधानाचार्य ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उन्हें जीवन में अनुशासन, परिश्रम एवं निरंतर प्रयास की महत्ता समझाई। उन्होंने कहा कि सफलता निरंतर मेहनत और सकारात्मक सोच से ही प्राप्त होती है। साथ ही उन्होंने अभिभावकों एवं शिक्षकों के सहयोग को भी छात्रों की सफलता का आधार बताया।कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार द्वारा सभी उपस्थित अभिभावकों का आभार व्यक्त किया गया। समारोह का समापन उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ, जहाँ सभी ने विद्यालय के इस प्रयास की सराहना की।

# नकली सोना देकर 8 लाख की ठगी, दो आरोपी गिरफ्तार; नगदी व सामान बरामद

दैनिक बुद्ध का संदेश

संत कबीरनगर।जनपद संत कबीरनगर पुलिस ने नकली



सोना देकर 8 लाख रुपये की ठगी करने वाले दो अभियुक्तों को गिरतार कर बड़ी सफलता हासिल की है। आरोपियों के कब्जे से 8 लाख रुपये नगद, 3 मोबाइल, करीब 200 ग्राम पीली धातु (नकली सोने) के बिस्कुट, एक वर्दी सेट, आधार कार्ड और एक मोटरसाइकिल बरामद की गई है।पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के निर्देशन में चलाए जा रहे अपराधियों के खिलाफ अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह और क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अमित कुमार के पर्यवेक्षण में कोतवाली खलीलाबाद व एसओजी तथा सर्विलांस टीम की संयुक्त कार्रवाई में दोनों आरोपियों को डडवा नहर तिराहे के पास से गिरतार किया गया।गिरतार आरोपियों की पहचान प्रदीप कुमार राव (निवासी बस्ती, हाल पता महराजगंज) और संजय चौधरी (निवासी संत कबीरनगर, होमगार्ड) के रूप में हुई है।पुलिस के अनुसार, 23 मार्च 2026 को आरोपियों ने कुशीनगर निवासी गल्ला व्यापारी सन्नी कुमार गुप्ता को सोने का बिस्कुट बेचने के बहाने बुलाया। मुलाकात के दौरान आरोपियों ने नकली सोने का बिस्कुट देकर 8 लाख रुपये ठग लिए। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी रकम लेकर फरार हो गए।26 मार्च को पीड़ित की शिकायत पर कोतवाली खलीलाबाद में मुकदमा दर्ज किया गया। जांच के दौरान पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरतार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने घटना कबूल कर ली है।पुलिस जांच में पता चला कि दोनों आरोपियों का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है और उनके खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं।सफल गिरतारी और बरामदगी पर पुलिस अधीक्षक ने टीम का उत्साहवर्धन करते हुए 25 हजार रुपये नकद पुरस्कार देने की घोषणा की है।पुलिस ने बताया कि मामले में आगे की विधिक कार्रवाई जारी है।

# भक्तों के लिए माँ नगर वाली माता मंदिर पर आज है भंडारे का आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

संत कबीर नगर।मेहदावल नगर पंचायत में स्थित श्री मां




नगरवाली मन्दिर पर हर वर्ष की तरह हर वर्ष होने वाले भंडारे का आज आयोजन किया गया जिसमें शाम 6 बजे से भक्त पहुँच कर प्रसाद ग्रहण करेंगे। मेंहदावल नगर में स्थित नगर वाली माता मंदिर पर वर्षों की तरह हर वर्ष होने वाला भंडारे का आयोजन इस साल आज के दिन हो रहा है। क्षेत्र के श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारा प्रसादी वितरण का आयोजन किया जा रहा है। यह भंडारा पिछले कई वर्षों से किया जा रहा है। भक्तों के लिए भोजन की व्यवस्था कि गई है। जिसमें समस्त ग्रामवासी एवं क्षेत्रवासी मिलकर भंडारे का आयोजन करते हैं। यह भंडारा सोमवार शाम 6 बजे से चालू होकर शाम 11 बजे तक चलेगा, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु भोजन प्राप्त करेंगे।

# डीएम ने किया पेट्रोल, डीजल एवं घरेलू गैस आपूर्ति को लेकर बैठक

दैनिक बुद्ध का संदेश

संत कबीर नगर । जिलाधिकारी आलोक कुमार की अध्यक्षता में इण्डियन आयल/बी0पी0सी0एल0/एच0पी0सी0एल0 के सेल्स आफिसर तथा आपूर्ति विभाग के अधिकारीगण के साथ जनपद में पेट्रोल, डीजल एवं घरेलू गैस आपूर्ति के सुचारू संचालन के संबंध




में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा सभी सेल्स आफिसर को पेट्रोल, डीजल एवं घरेलू गैस सिलेण्डर की आपूर्ति बनाए रखने के निर्देश दिये गये। जिला पूर्ति अधिकारी राजीव कुमार द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में पेट्रोल, डीजल एवं घरेलू गैस सिलेण्डर की आपूर्ति पूरी तरह से सुचारू है। जनपद में पर्याप्त मात्रा में पेट्रोल/डीजल/गैस सिलेण्डर उपलब्ध है। जिलाधिकारी ने समस्त जनपदवासियों से किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न देने एवं आवश्यकतानुसार ही पेट्रोल/डीजल/गैस सिलेंडर क्रय करने की अपील किया है। उन्होंने कहा कि उपभोक्तागण अनावश्यक भंडारण से बचें।

# कुशीनगर में मिट्टी माफिया बेलगाम, धडल्ले से हो रहा है जेसीबी से खनन

## कटनरवार पुल के पास खुलेआम अवैध खनन, सिस्टम पर उठे गंभीर सवाल।

कुशीनगर। जनपद में अवैध मिट्टी खनन का खेल अब खुलेआम चुनौती बन चुका है। नियम–कानून को ठेंगा दिखाते हुए ठेकेदार जेसीबी मशीनों से धड़ल्ले से मिट्टी की खुदाई करवा रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि उन्हें किसी कार्रवाई का डर नहीं है। ताजा मामला पडरौना कोतवाली थाना क्षेत्र के कटनरवार पुल के दाहिने तरफ का है, जहां एक लबरेज नामक ठेकेदार द्वारा बिना किसी वैध अनुमति के बड़े पैमाने पर मिट्टी खनन कराया जा रहा है। मौके पर जेसीबी मशीनें लगातार चल रही हैं और प्रशासन पूरी तरह से मौन बना हुआ है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि जब ठेकेदार से इस अवैध खनन के बारे में पूछा गया, तो उसने बेखौफ अंदाज में कहा मिट्टी खनन के लिए किसी परमिशन की जरूरत नहीं पड़ती है ठेकेदार का यह बयान न सिर्फ प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़ा कर रहा है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि किस बेखौफ अवैध खनन का कारोबार फल–फूल रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि रात–दिन जेसीबी से हो रही खुदाई के चलते इलाके की जमीन व नहर की पटरिया कमजोर हो रही है और भविष्य में किसी बड़े हादसे की आशंका बढ़ रही है। इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारी आंखें मूंदे बैठे हैं।

पत्रकारों को उल्टे फसाने का खेल–– कहना न होगा कि अवैध मिट्टी खनन का मामला अब सिर्फ नियमों के उल्लंघन तक सीमित नहीं रहा, बल्कि इसमें पत्रकारों को बदनाम करने की साजिश भी सामने आने लगी है। बताया जा रहा है कि एक जेसीबी मालिक इश्तेयाक ने अन्य स्थानों पर हो रहे खनन की जानकारी देने के नाम पर पत्रकार से उसका मोबाइल नंबर लिया और जैसे ही अवैध खनन की खबर प्रसारित हुई, ठेकेदार लबरेज और जेसीबी मालिक इश्तेयाक सक्रिय हो गए और खुद को बचाने के लिए पत्रकार के मोबाइल नंबर से जुड़े खाते में पांच सौ रुपये ट्रांसफर कर दिया, ताकि बाद में यह आरोप लगाया जा सके कि पत्रकारो ने पैसे की मांग की थी।रकम भेजने के बाद ठेकेदार और जेसीबी मालिक ने उल्टा पत्रकार पर ही पैसे मांगने का आरोप लगाना शुरू कर दिया। जिससे पूरे मामले को भटकाया जा सके। बताया जाता है कि कटनरवार पुल के पास अवैध खनन की खबर कवरेज कर रहे पत्रकारो पर धौंस जमाने के लिए मौके पर खुद को अंसारी कान्टेक्शन का मालिक बताने वाला ठेकेदार लबरेज अंसारी ने लखनऊ से एक दैनिक अखबार के रिपोर्टर विशाल सिंह नाम व्यक्ति से पत्रकारों से बात कराया फोन पर बात करने वाले कथित पत्रकार ने मौके पर मौजूद पत्रकारों को खनन में हस्तक्षेप न करने की चेतावनी दी। जिससे माहौल में तनाव पैदा हो गया। इसके बाद स्थानीय पत्रकारों ने जब इस पूरे मामले की जानकारी हासिल की तो चौंकाने वाला सच सामने आया जिस विशाल सिंह को लखनऊ का पत्रकार बताया जा रहा था, वह असल में कोई पत्रकार नहीं बल्कि खुद एक ठेकेदार है, जो खुद को पत्रकार बनकर लबरेज के कारोबार का संरक्षण देते हुए अधिकारियों व पत्रकारो को पर धौंस जमाता है ताकि ठेकेदार लबरेज अंसारी के अवैध खनन पर कोई रुकावट की आंच न आये।

# बलरामपुर में डिजिटल जनगणना की तैयारी तेज, 17 से शुरू

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर।जनगणना को लेकर प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। बीडीओ प्रशांत कुमार सिंह ने बताया कि इस बार जनगणना का पहला चरण स्व–गणना (सेल्फ एन्यूमरेशन) के रूप में किया जाएगा। इसमें घर–घर सर्वे के साथ–साथ नागरिक स्वयं भी ऑनलाइन माध्यम से अपनी जानकारी दर्ज कर सकेंगे। बताया कि यह भारत की पहली पूरी तरह डिजिटल जनगणना होगी, जिसमें पारंपरिक कागजी प्रक्रिया की जगह आधुनिक तकनीक का उपयोग किया जाएगा। बीडीओ ने बताया कि 17 अप्रैल से शुरू होकर 1 मई तक चलेगी। अवधि में नागरिक सेल्फ एन्यूमरेशन पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन अपनी जानकारी दर्ज कर सकेंगे। इसके बाद दूसरा चरण 2 मई से 31 मई तक संचालित होगा। इस चरण में गणनाकर्मी घर–घर जाकर जानकारी का सत्यापन किया जाएगा। इस बार जनगणना में कुल 33 बिंदुओं पर आधारित जानकारी एकत्रित की जाएगी। इसमें घर की बनावट, रहने की स्थिति, शौचालय, रसोई, बिजली, इंटरनेट, संपत्ति सहित सामाजिक और आर्थिक स्थिति से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां शामिल होंगी। प्रशासन का कहना है कि इन आंकड़ों के आधार पर क्षेत्र के विकास से जुड़ी योजनाएं बनाने में काफी मदद मिलेगी। बीडीओ ने बताया कि इस बार जनगणना पूरी तरह डिजिटल प्लेटफॉर्म पर आधारित होगी। इसमें जियो टैगिंग, मैपिंग टूल, मोबाइल ऐप और केंद्री.त वेब आधारित प्रणाली का उपयोग किया जाएगा। मोबाइल डिवाइस के माध्यम से करोड़ों घरों से जनसंख्या, सामाजिक और आर्थिक आंकड़े एकत्र किए जाएंगे।

# जिला स्तरीय बैठक में महिला कल्याण विभाग की योजनाओं की गई समीक्षा

कुशीनगर। महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा हेतु उत्तर प्रदेश रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष के अन्तर्गत जिला स्टेयरिंग कमेटी की बैठक संपन्न हुई।

जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में कुल 07 मामलों को समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। समिति द्वारा धारा 304बी के अंतर्गत 02 मामलों में क्षतिपूर्ति प्रदान किए जाने का निर्णय लिया गया। जबकि पॉक्सो एक्ट से संबंधित 05 मामलों को अस्वीकृत कर दिया गया।

इसके अतिरिक्त 09 मामलों में एफएसएल रिपोर्ट प्राप्त न होने के कारण संबंधित अधिकारियों को शीघ्र रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। समिति ने यह भी निर्देशित किया कि पॉक्सो एक्ट के मामलों में पीड़िताओं को मेडिकल जांच में पूर्ण सहयोग प्रदान किया जाए, ताकि उनकी वास्तविक स्थिति के आधार पर आर्थिक सहायता सुनिश्चित की जा सके। बैठक में मिशन वात्सल्य योजना के अंतर्गत बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड, जिला बाल संरक्षण इकाई, उ0प्र0 मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, वन स्टॉप सेंटर तथा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान की प्रगति पर विस्तृत चर्चा की गई। जिलाधिकारी द्वारा सभी संबंधित अधिकारियों को शासन के निर्देशों के अनुरूप आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त सामूहिक विवाह आयोजन के संदर्भ में भी समाज कल्याण अधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक केशव कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रतिनिधि, डॉ. रामदास कुशवाहा डिप्टी सीएमओ, सुनील कुमार यादव वरिष्ठ कोषाधिकारी, वेद प्रकाश उमराव जे.डी. अभियोजन, एडीएसओ के प्रतिनिधि, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी मनीष कुमार, रेनू यादव, गुलाब यादव सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं सदस्य एवं इसके अतिरिक्त किशोर न्याय बोर्ड की सदस्य विभा राय, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष अमित राय एवं सदस्य कृष्णकांत उपाध्याय, वन स्टॉप सेंटर की सेंटर मैनेजर रीता यादव, चाइल्ड हेल्पलाइन के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर अभिषेक कुमार सिंह, हब फॉर इम्पावरमेंट ऑफ वूमेन के नलिन सिंह, राजकीय दत्तक ग्रहण इकाई की श्रीमती वंदना गुप्ता तथा संरक्षण अधिकारी विनय कुमार शर्मा सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# आरोग्य मेले की व्यवस्थाओं को लेकर डीएम शख्त, अधिकारियों को दी कड़ी चेतावनी

दैनिक बुद्ध का संदेश

शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर। रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य मेले के अवसर पर जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पुरानी नौगढ़ तथा नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कंदवा बाजार धुसरी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, व्यवस्थाओं और मरीजों को मिल रही सुविधाओं का जायजा लिया। पुरानी नौगढ़ स्थित स्वास्थ्य केंद्र पर डीएम ने ओपीडी, दवा वितरण कक्ष, टीकाकरण कक्ष व प्रसव कक्ष का निरीक्षण किया। उन्होंने चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मियों से मरीजों के उपचार, दवाओं की उपलब्धता और दैनिक ओपीडी के संबंध में जानकारी ली। निरीक्षण में दोनों केंद्रों पर ओपीडी की संख्या काफी कम पाई गई, जिस पर डीएम ने नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि इससे स्पष्ट है कि आरोग्य मेले का पर्याप्त प्रचार–प्रसार नहीं किया जा रहा है।डीएम ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि आशा व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से मेले का व्यापक प्रचार कराया जाए, ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें। साथ ही कम ओपीडी के लिए संबंधित चिकित्सकों से स्पष्टीकरण लेने के निर्देश दिए।इसके बाद डीएम ने कंदवा बाजार धुसरी स्थित स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। यहां आयोजित शिविरों में आयुष्मान भारत योजना, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाएं, टीकाकरण, परिवार नियोजन एवं जांच सेवाओं की जानकारी ली।




उन्होंने लाभार्थियों से बातचीत कर उन्हें मिल रही सुविधाओं के बारे में फीडबैक भी प्राप्त किया।निरीक्षण के दौरान स्वच्छता व्यवस्था पर विशेष ध्यान देते हुए डीएम ने परिसर में साफ–सफाई, कचरा निस्तारण, पेयजल और मरीजों के बैठने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री आरोग्य मेला शासन की महत्वपूर्ण योजना है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में लोगों को निःशुल्क और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। निरीक्षण में यह भी पाया गया कि मेले में संचालित योजनाओं के स्टॉल नहीं लगाए गए थे और प्रत्येक रविवार को नियमित रूप से कैंप भी नहीं लग रहे थे। इस पर डीएम ने कड़ी नाराजगी जताते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी को चेतावनी दी कि भविष्य में ऐसी लापरवाही दोहराई गई तो संबंधित के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान डॉ. अनूप जायसवाल (एमओआईसी नौगढ़), डॉ. विजय कुमार (पीएसडब्ल्यू), अनंत प्रकाश (डीईआईसी मैनेजर), रवि प्रकाश (बीसीपीएम नौगढ़) सहित अन्य स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# मन की बात के 132वें एपिसोड को भाजपा कार्यकर्ताओं ने उत्साह से सुना, पूर्व विधायक ने बताया प्रेरणादायी मंच

दैनिक बुद्ध का संदेश

डुमरियागंज/सिद्धार्थनगर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोकप्रिय मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात का रविवार को 132वां एपिसोड प्रसारित हुआ। इस अवसर पर क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर भाजपा कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों ने सामूहिक रूप से कार्यक्रम को सुना।शाहपुर स्थित हिन्दू भवन में पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने कार्यकर्ताओं के साथ कार्यक्रम का श्रवण किया। वहीं भारतभारी में चेयरमैन चंद्र प्रकाश उर्फ चंदू, बढ़नीचाफ़ा में चेयरमैन धर्मराज वर्मा, बहेरिया में प्रधान संघ अध्यक्ष दिलीप उर्फ छोटे पाण्डेय, भड़रिया में जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि संतोष पासवान तथा डुमरियागंज में मण्डल अध्यक्ष अमरेंद्र त्रिपाठी ने भी कार्यकर्ताओं के साथ मन की बात सुनी।इस दौरान पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि मन की बात प्रधानमंत्री द्वारा शुरू किया गया एक अनूठा जनसंवाद मंच है, जो विश्व के राष्ट्राध्यक्षों में सबसे लंबे समय तक चलने वाले प्रेरणादायी कार्यक्रमों में शामिल है। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम समाज के विभिन्न वर्गों, विशेषकर दूरदराज क्षेत्रों में सीमित संसाधनों के बावजूद उत.ष्ट कार्य करने वाले लोगों को राष्ट्रीय पहचान और सम्मान दिलाने का माध्यम बन चुका है।उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री अपने संबोधन में देश के कोने–कोने में कार्य कर रहे ऐसे व्यक्तित्वों का उल्लेख करते हैं, जो अपने प्रयासों से समाज में सकारात्मक बदलाव ला रहे हैं।




मन की बात के माध्यम से उनकी कहानियां देशभर के लोगों तक पहुंचती हैं, जिससे समाज में प्रेरणा और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।कार्यक्रम के दौरान संजय मिश्रा, राकेश पाण्डेय, राजन अग्रहरि, चंद्रिका प्रसाद, नितिन श्रीवास्तव सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भाजपा प्रशिक्षण अभियान में नीतियों पर जोर, बूथ स्तर तक संगठन मजबूत करने का आह्वान–दीपक मौर्य

दैनिक बुद्ध का संदेश

पकड़ी, सिद्धार्थनगर। शोहरतगढ़ राजस्थान अतिथि भवन में भारतीय जनता पार्टी द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत मण्डल के सभी पदाधिकारीयों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, भारत माता एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक मौर्य ने भाजपा के इतिहास एवं विकास के बारे में लोगों को प्रशिक्षित किया तथा प्रथम सत्र की अध्यक्षता पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्री मती साधना चौधरी ने किया वर्ग प्रभारी विनीत कमलापुरी ने कार्यक्रम का संचालन किया जिला पदाधिकारी सच्चिदानंद चौबे ने सोशल मीडिया पर अपनी बात रखी कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष अरविंद चौधरी, विधानसभा प्रभारी पवन मिश्रा, मंडल अध्यक्ष रमेश मणि त्रिपाठी सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहेकार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष दीपक मौर्या ने कहा भाजपा के इतिहास को बताते हुए कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नेतृत्व में भारतीय जनसंघ की स्थापना हुई, जिसका उद्देश्य कांग्रेस के एकछत्र प्रभुत्व के बीच एक मजबूत राष्ट्रवादी विकल्प प्रस्तुत करना था। जनसंघ ने राष्ट्रवाद, सांस्.तिक मूल्यों और राष्ट्रीय एकता को प्राथमिकता दी तथा जम्मू–कश्मीर के विशेष दर्जे का विरोध करते हुए "एक देश में दो विधान, दो प्रधान, दो निशान नहीं चलेंगे" का नारा दिया। उन्होंने बताया कि 1977 में आपातकाल के बाद जनसंघ का जनता पार्टी में विलय हुआ, लेकिन वैचारिक मतभेदों के चलते यह प्रयोग सफल नहीं हो सका। इसके बाद 6 अप्रैल 1980 को भारतीय जनता पार्टी का गठन हुआ, जिसके पहले राष्ट्रीय अध्यक्ष अटल बिहारी वाजपेयी बने। उन्होंने "गांधीवादी समाजवाद" के माध्यम से पार्टी को व्यापक जनाधार देने का प्रयास किया उन्होंने कहा कि राम जन्मभूमि आंदोलन में पार्टी ने यह संकल्प लिया कि राम लला हम आयेंगे मंदिर वही बनाएंगे इस संकल्प को पूरा करने का कार्य हमारी पार्टी ने किया आज पार्टी के अच्छे कार्यों की बदौलत आज पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बन गई मोदी जी के नेतृत्व ने पार्टी विकास की नई गाथा लिख रही है इस प्रशिक्षण से कार्यकर्ताओं को सीख लेकर पार्टी को मजबूत बनाने के लिए कार्य करना चाहिए, ताकि 2047 तक भारत को विश्व गुरु बनाने का लक्ष्य पूरा किया जा सके। कार्यक्रम के अंत में अध्यक्षता कर रही श्रीमती साधना चौधरी ने कार्यक्रम मके समापन की घोषणा की। कार्यक्रम में मंडल के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।





## हरिवंशपुर पुलिस चौकी पर हुआ आपरेशनकवच के तहत समन्वय गोष्ठी का आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर।रविवार को श्ऑपरेशन कवचश के अंतर्गत पुलिस चौकी हरिबंशपुर पर एक समन्वय गोष्ठी आयोजित की गई। इस बैठक में थानाध्यक्ष कोतवाली लोटन दिनेश कुमार सरोज, निरीक्षक मनोहर लाल (प्रभारी कवच), और चौकी इंचार्ज सुरेंद्र प्रताप सिंह सहित एसएसबी (ठ) के अधिकारी मौजूद रहे।गोष्ठी में सीमा सुरक्षा के साथ–साथ जन–समस्याओं पर चर्चा हुई। स्थानीय ग्रामीणों ने ग्राम अभयपुर में बिजली के तारों के काफी नीचे लटकने की गंभीर शिकायत की, जिससे दुर्घटना का खतरा बना रहता है। मामले का संज्ञान लेते हुए थानाध्यक्ष ने जनता को आश्वस्त किया कि इस संबंध में एसडीएम नौगढ़ को पत्र भेजकर विद्युत विभाग के माध्यम से त्वरित समाधान कराया जाएगा।बैठक में सर्विलांस सेल, एलआईयू के कर्मचारी और ग्राम सुरक्षा समिति के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।



## लोटन में चाइनीज मांझे पर पुलिस सख्त, दुकानदारों को दी कड़ी चेतावनी

दैनिक बुद्ध का संदेश

लोटन (सिद्धार्थनगर)।सीमावर्ती क्षेत्र लोटन में जानलेवा चाइनीज मांझे की बिक्री और उपयोग पर रोक लगाने के लिए पुलिस ने सख्ती तेज कर दी है। रविवार को कोतवाली लोटन के थानाध्यक्ष दिनेश कुमार सरोज ने पुलिस टीम के साथ क्षेत्र के प्रमुख बाजारों और चौराहों पर सघन चेकिंग अभियान चलाया।इस दौरान थानाध्यक्ष ने दुकानदारों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि यदि कोई भी प्रतिबंधित नायलॉन या कांच युक्त मांझा (चाइनीज मांझा) बेचते हुए पाया गया, तो उसके खिलाफ तत्काल मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेजा जाएगा। साथ ही दुकान का लाइसेंस निरस्त करने की संस्तुति भी की जा सकती है।थानाध्यक्ष दिनेश कुमार सरोज ने आम लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि चाइनीज मांझा अब सिर्फ पतंग उड़ाने का साधन नहीं, बल्कि जानलेवा बन चुका है। आए दिन राहगीरों और बाइक सवारों के गले कटने की घटनाएं सामने आती हैं, वहीं पक्षी भी इसका शिकार होकर अपनी जान गंवा रहे हैं।उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि बच्चों को पतंगबाजी के लिए केवल सूती धागे (सद्दी) ही उपलब्ध कराएं। इसके साथ ही पुलिस ने क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों से भी इस अभियान में सहयोग करने की अपील की, ताकि इस खतरनाक मांझे के उपयोग पर पूरी तरह रोक लगाई जा सके।

## नाबालिग के लापता होने के मामले में पूर्व विधायक का बयान, जांच की मांग तेज

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर।जनपद के भवानीगंज थाना क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की के पिछले चार महीनों से लापता होने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। इस बीच पूर्व विधायक राघवेंद्र सिंह थाना भवानीगंज पहुंचे और मामले में सख्त कार्रवाई की मांग की।पूर्व विधायक ने कहा कि उन्हें सूत्रों से जानकारी मिली है कि गांव का ही एक व्यक्ति, जिसके बारे में स्थानीय स्तर पर मौलाना बताया जा रहा है, के घर पर लड़की के होने की आशंका जताई जा रही है। उन्होंने कहा कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष और गहन जांच होनी चाहिए तथा किसी भी प्रकार की लीपापोती बर्दाश्त नहीं की जाएगी।उन्होंने बताया कि इस संबंध में पुलिस अधीक्षक , क्षेत्राधिकारी और थानाध्यक्ष से भी बातचीत कर कार्रवाई की मांग की गई है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यदि कोई दोषी पाया जाता है तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।हालांकि, पूर्व विधायक द्वारा दिए गए कुछ धार्मिक टिप्पणियों पर स्थानीय स्तर पर चर्चा भी शुरू हो गई है। प्रशासनिक अधिकारियों की ओर से फिलहाल मामले की जांच जारी है और आधिकारिक पुष्टि का इंतजार किया जा रहा है।पुलिस का कहना है कि नाबालिग के लापता होने के मामले में सभी पहलुओं की जांच की जा रही है और जल्द ही तथ्य सामने लाए जाएंगे।



## प्रेमिका से ना मिलने पाने की वजह से प्रेमी चढ़ा टावर पर

दैनिक बुद्ध का संदेश

इटवा/सिद्धार्थनगर इटवा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत दुफेड़िया मे शनिवार को की सुबह एक प्रेमी अपने प्रेमिका से कई दिनों से नही मिल पाया था और प्रेमिका से बहुत मिलने की कोशिस करने के बाद जब उसे निराशा दिख रहा था तब उसने शनिवार को सुबह लगभग साढ़े पांच बजे के करीब गांव मे लगे टावर पर चढ़ गया जिसकी सुचना स्थानीय थाना पर दि गई सुचना पाकर मौके पर पुलिस पहुंच गई और उसे नीचे उतारने की काफी प्रयास किया गया लेकिन युवक कुछ समझ नही आ रहा था एसडीएम कुणाल और क्षेत्राधिकारी पवीन थाना प्रभारी इटवा ने लगभग चार घंटे के बाद युवक को नीचे उतारा गया।बताया जा रहा है। कि युवक एक बार उसे लेकर फरार भी हो चुका था बहुत खोजा बीन के बाद दोनों को मुम्बई से पकड़ कर वापस घर ला कर समझाने बाद छोड़ दिया गया।अपनी मामला कुछ भी हो पुलिस ने युवक को अपने साथ थाने पर लेकर आगे पूछताछ के लिए ले गई।

## हत्या के प्रयास में वांछित दो आरोपी गिरफ्तार, भेजे गए जेल

दैनिक बुद्ध का संदेश

शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर।चिल्हिया पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में वांछित दो आरोपियों को गिरतार कर जेल भेज दिया है। यह कार्रवाई क्षेत्राधिकारी मयंक द्विवेदी के पर्यवेक्षण और प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार गुप्ता के नेतृत्व में की गई।पुलिस के अनुसार, थाना चिल्हिया में दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 20/2026, धारा 109(1), 190, 191(2), 191(3), 115(2), 352, 324(4), 333 बीएनएस से संबंधित अभियुक्तों की तलाश की जा रही थी। इसी क्रम में रविवार को पुलिस टीम ने ग्राम बचड़ा–बचड़ी में दबिश देकर दो वांछित आरोपियों को गिरतार कर लिया। गिरतार आरोपियों की पहचान सुभाष निषाद एवं धर्मेंद्र निषाद, पुत्र पीताम्बर निषाद, निवासी ग्राम बचड़ा–बचड़ी, थाना चिल्हिया के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी कर उन्हें न्यायालय भेज दिया, जहां से जेल भेज दिया गया। गिरतारी के दौरान उपनिरीक्षक राजेश कुमार तिवारी, हेड कांस्टेबल ओमपाल गौतम, कांस्टेबल अजय कुमार और ओमप्रकाश समेत पुलिस टीम के अन्य सदस्य मौजूद रहे।



## शोहरतगढ़ समय माता मंदिर पर उमड़ा आस्था का सैलाब, हजारों ने किया प्रसाद ग्रहण

दैनिक बुद्ध का संदेश

शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर।विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी शनिवार को शोहरतगढ़ क्षेत्र के प्रसिद्ध समय माता मंदिर परिसर में भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। सुबह से ही मंदिर परिसर में प्रसाद की तैयारियां शुरू हो गई थीं। विधि–विधान से पूजन–अर्चन के उपरांत मंदिर कमेटी द्वारा भंडारे का शुभारंभ किया गया, जिसमें लगभग 5 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।वहीं, शुक्रवार की सायंकाल क्षेत्र के व्यवसाई अशोक कुमार मद्धेशिया (पारा वाले) सहित दर्जनों श्रद्धालुओं के सहयोग से भिरंडा स्थित समय माता मंदिर में भी भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। इस धार्मिक आयोजन में श्रद्धा और आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे, प्रसाद ग्रहण किया और माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त किया। पूरे मंदिर परिसर में भक्ति, उत्साह और धार्मिक वातावरण देखने को मिला। भंडारे के दौरान व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित रहीं और श्रद्धालुओं की सुविधा का विशेष ध्यान रखा गया।इस अवसर पर कमलेश गुप्ता, डब्लू अग्रहरि, उमेश अग्रहरी, अशोक अग्रहरि, मनोज अग्रहरि, शीतल कसौधन, मदन गौड़, अमन ठाकुर, नीलेश वर्मा, मोहित तिवारी, गौरव श्रीवास्तव, नवनीत कश्यप, नंदू गौड़, गोपी रूंगटा, चेयरमैन प्रतिनिधि रवि अग्रवाल, अशोक कुमार मद्धेशिया (पारा वाले), जीतेन्द्र प्रताप सिंह, अखिलेश उपाध्याय, आशीष कौशल, विवेक मद्धेशिया, राणा प्रताप सिंह, वरुण सिंह, वीरू मद्धेशिया, राजकुमार मोदनवाल, कमलेश कुमार गुप्ता, मनोज गुप्ता, महावीर वर्मा, अनूप कसौधन, कुश कुमार मोदनवाल, वीरेंद्र गौड़, सुरेश कसौधन, छोटू गौड़, रामसेवक गुप्ता, राममिलन चौधरी, अजय वर्मा, रिंकू वर्मा, दिलीप वर्मा, नवीन मित्तल, बबलू गौड़, रुपेश वर्मा सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे।





## चेकिंग के दौरान शोहरतगढ़ पुलिस के हत्थे चढ़ा वांछित अभियुक्त




दैनिक बुद्ध का संदेश

शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर।शोहरतगढ़ थाना पुलिस ने वांछित अभियुक्त की गिरतारी में सफलता हासिल की है। मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने एक आरोपी को गिरतार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। यह कार्रवाई क्षेत्राधिकारी मयंक द्विवेदी के निर्देशन में की गई।प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार सिंह के नेतृत्व में उपनिरीक्षक संतोष कुमार यादव व पुलिस टीम ने मुकदमा अपराध संख्या 44/26, धारा 87, 69, 351(3) बीएनएस से संबंधित अभियुक्त राहुल चौहान (26) पुत्र स्व. बसंत चौहान, निवासी ग्राम कलनाखोर थाना खेसरहा को गिरतार किया। पुलिस ने उसे सुबह करीब 8रू05 बजे खुनुवा मोड़ के पास संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर दबोच लिया। पुलिस के मुताबिक, अभियुक्त की काफी समय से तलाश की जा रही थी। गिरतारी के बाद आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी कर उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। गिरतारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक संतोष कुमार यादव, कांस्टेबल प्रभाकर यादव व कांस्टेबल राधेश्याम चौहान शामिल रहे।

## सम्पादकीय

**हाल ही में वह वक्फ संशोधन विधेयक की संयुक्त संसदीय समिति, जे पी सी के अध्यक्ष के रूप में भी काफी सुर्खियों में रहे हैं। जगदंबिका पाल का सफर यह दिखाता है कि कैसे एक क्षेत्रीय नेता अपनी रणनीति और जमीनी पकड़ के दम पर राष्ट्रीय राजनीति में अपनी जगह बरकरार रख सकता है। जेपीसी के अध्यक्ष के तौर पर जगदंबिका पाल ने एक सख्त टास्कमास्टर की छवि ...**

# सहज, सरल और अनुशासन प्रिय सांसद जगदंबिका पाल



इतना आसान नहीं है इतना सहज और सरल होना। इतने बड़प्पन के बावजूद वे बेहद सरल हैं इसलिए माता अंबिका के वरद पुत्र जगदंबिका पाल हैं। जगदंबिका पाल भारतीय राजनीति के एक ऐसे चेहरे हैं जिन्होंने अपनी पहचान ज़मीनी स्तर से प्रारंभ कर संसद के गलियारों तक बनाई है। उनका सफर न केवल राजनीतिक उतार–चढ़ाव से भरा रहा है, बल्कि भारत के लोकतांत्रिक इतिहास की एक बेहद अनोखी घटना एक दिन का मुख्यमंत्री के लिए भी जाना जाता है। डुमरियागंज लोकसभा क्षेत्र के वर्तमान सांसद जगदंबिका पाल का जन्म उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले में हुआ था। उनकी राजनीति की नींव छात्र जीवन के दौरान ही पड़ गई थी। उन्होंने बस्ती से अपनी राजनीतिक सक्रियता शुरू की और स्थानीय मुद्दों को लेकर जनता के बीच अपनी पैठ बनाई। संघर्ष के प्रारंभिक दिनों में वे कांग्रेस पार्टी की विचारधारा से जुड़े और धीरे–धीरे प्रदेश स्तर के नेता बनकर उभरे। वे जननेता और विकास पुरुष हैं। नेता जी जगदंबिका पाल का नाम भारतीय राजनीति में तब सबसे ज्यादा चर्चा में आया जब 21 फरवरी 1998 को उत्तर प्रदेश में एक बड़ा राजनीतिक उलट फेर हुआ।तत्कालीन राज्यपाल रोमेश भंडारी ने कल्याण सिंह की सरकार को बर्खास्त कर दिया। तब नेता जीजगदंबिका पाल को रातों–रात उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाई गई। हालांकि, यह मामला अदालत तक पहुँचा और इलाहाबाद हाईकोर्ट के हस्तक्षेप के बाद 44 घंटे के भीतर ही कल्याण सिंह की सरकार पुनः बहाल हो गई। इसी घटना की वजह से उन्हें आज भी कई बार ष्एक दिन का मुख्यमंत्रीष कहा जाता है। नेता जी जगदंबिका पाल लंबे समय से सियासी सफर में रहे हैं। जनहित के मुद्दों पर उन्होंने सकारात्मक नेतृत्व किया है। वह उत्तर प्रदेश सरकार में विभिन्न महत्वपूर्ण मंत्रालयों के कैबिनेट मंत्री रहे और उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी भी संभाली। वह 2009 के लोकसभा चुनाव में डुमरियागंज सीट से कांग्रेस के टिकट पर जीतकर पहली बार संसद पहुँचे। वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में नेता जी जगदंबिका पाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विश्वास जताया। भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम कर उन्होंने संसदीय हैट्रिक लगाई। उन्होंने 2014, 2019 और फिर 2024 में डुमरियागंज संसदीय क्षेत्र से भाजपा के टिकट पर लगातार जीत दर्ज की। वर्तमान में, जगदंबिका पाल संसद की कई महत्वपूर्ण समितियों के अध्यक्ष और सदस्य के रूप में सक्रिय रहते हैं। उन्हें उनकी वाकपटुता और संसदीय नियमों की गहरी समझ के लिए जाना जाता है। अपने क्षेत्र सिद्धार्थनगर में जनता के बीच रहने वाले नेता की उनकी छवि ने उन्हें दलीय बदलावों के बावजूद जीत दिलाने में मदद की है। हाल ही में वह वक्फ संशोधन विधेयक की संयुक्त संसदीय समिति, जे पी सी के अध्यक्ष के रूप में भी काफी सुर्खियों में रहे हैं। जगदंबिका पाल का सफर यह दिखाता है कि कैसे एक क्षेत्रीय नेता अपनी रणनीति और जमीनी पकड़ के दम पर राष्ट्रीय राजनीति में अपनी जगह बरकरार रख सकता है। जेपीसी के अध्यक्ष के तौर पर जगदंबिका पाल ने एक सख्त टास्कमास्टर की छवि पेश की। उन्होंने राजनीतिक दबावों और तीखे विरोध के बीच भी संसदीय प्रक्रिया को आगे बढ़ाया, जो उनकी प्रशासनिक और राजनीतिक परिपक्वता को दर्शाता है।

लेखिका डॉ सीमा मिश्रा/दैनिक बुद्ध का संदेश

# हरि अनंत हरि कथा अनंता : जय हो



हरि अनंत हरि कथा अनंता तुलसीदास जी की रामायण की एक प्रसिद्ध चौपाई है, जिसका अर्थ है कि ईश्वर की महिमा और उनकी कथाएँ असीमित हैं। लेकिन आज के कलयुगी संदर्भ में, इस पंक्ति पर एक व्यंग्यात्मक नजर डालते हैं। श्हरि अनंत हरि कथा अनंताश्रू आज का व्यंग्य सुनिए। आज के दौर में इस पंक्ति का अर्थ आध्यात्मिक कम और व्यावहारिक ज्यादा हो गया है। यहाँ कुछ कथाओं के नए रूप दिए गए हैं। जरा सरकारी फाइलों की कथा सुनिए। दतर में एक बार कोई फाइल खुल जाए, तो वह श्हरि अनंतश हो जाती है। न वह फाइल कभी खत्म होती है, न उसका निष्कर्ष निकलता है। बस, ष्अगली तारीखष का जाप चलता रहता है। टीवी डिबेट की कथा सुनिए।शाम 7 बजे न्यूज़ चौनलों पर जो युद्ध शुरू होता है, वह सचमुच श्अनंतश है। एंकर और चार मेहमान चिल्लाते हैं, मुद्दे से भटकते हैं, और एक घंटे बाद जब शो खत्म होता है, तो पता चलता है कि कथा वहीं खड़ी है जहाँ से शुरू हुई थी। समाधान शून्य, शोर अनंत। चुनावी वादों की कथा सुनिए। नेताओं के वादे भी किसी दिव्य कथा से कम नहीं हैं। हर पाँच साल में एक ही कथा नए संस्करण के साथ सुनाई जाती है। सड़कें बनेंगी, गरीबी मिटेगी, और विकास का अमृत बरसेगा। चुनाव बीत जाते हैं, पर वादों की वह कथा अनंत काल तक दोहराई जाती रहती है। ऑफिस मीटिंग्स की कथा सुनिए। कॉर्पोरेट जगत की मीटिंग्स का तो कहना ही क्या! शुरू होती हैं एक एजेंडे से, और पहुँच जाती हैं श्अनंतश की यात्रा पर। घंटों चर्चा के बाद निष्कर्ष यही निकलता है कि. एक और मीटिंग करनी पड़ेगी। तुलसीदास जी ने तो इसे भक्ति भाव में कहा था, लेकिन आज की दुनिया में

**भ्रष्टाचार अनंत, जांच की कथा अनंता।**
**जनता बैठी मौन, सुखी रहे सब संता।**

**लेखक विनय कांत मिश्र/दैनिक बुद्ध का संदेश**

# अदूरदर्शी सरकार होने का खामियाजा

**प्रधानमंत्री ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य में दुनिया के कई जहाज फंसे हुए हैं। उनमें भारतीय चालक दल की संख्या भी बहुत अधिक है तथा यह भी भारत की एक बड़ी चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि ऐसी विकट परिस्थिति में आवश्यक है कि भारत की संसद के इस उच्च सदन से शांति एवं संवाद की एकजुट आवाज पूरे विश्व में जाए। यानी अब जाकर सरकार की नींद खुली है और उसे समझ आ रहा है कि...**

कुर्सी है तुम्हारा ये जनाजा तो नहीं है। कुछ कर नहीं सकते तो उतर क्यों नहीं जाते।। इरतिजा निशात का लिखा ये शेर आज भारत के हुक्मरानों को बतौर नसीहत सुनाया जा सकता है। या तो नरेन्द्र मोदी और उनके तमाम सिपहसालार देश और दुनिया की वास्तविकताओं से अनभिज्ञ हैं या उन्हें किसी गड़बड़ी का भान तभी होता है, जब पानी सिर के ऊपर से निकल जाए। 28 फरवरी को ईरान पर हमला बोलने के बाद मध्यपूर्व में एक बड़ी जंग शुरु हो गई थी, जिस की आंच भारत पर भी पड़ रही थी। तब 12 मार्च को राहुल गांधी ने लोकसभा में कहा था कि पश्चिम एशिया में मौजूदा संघर्ष के कारण देश एलपीजी की कमी का सामना कर रहा है और इसके बावजूद प्रधानमंत्री लोकसभा में आकर इस मुद्दे पर बोलना नहीं चाहते। उन्होंने आरोप लगाया कि श्अमेरिका में अडानी पर आरोप तय होने और एपस्टीन फाइल्स के चलते प्रधानमंत्री मोदी घबराहट में हैं।श एपस्टीन और अडानी का नाम आते ही राहुल गांधी के भाषण में हंगामा शुरु हो गया और जब उन्होंने एलपीजी संकट पर बोलने की कोशिश की तो उन्हें रोक दिया गया। इसके बाद राहुल गांधी ने संसद के बाहर पत्रकारों से कहा था कि, श्मैंने देश में एलपीजी गैस और तेल की स्थिति पर बयान देने की अनुमति मांगी। लेकिन अब एक नई प्रक्रिया शुरू हो गई है, जिसमें पहले मंत्री तय करेंगे, फिर मैं बोलूंगा, उसके बाद मंत्री जवाब देंगे। असल बात यह है कि ईंधन एक बड़ी समस्या बनने वाला है, क्योंकि हमारी ऊर्जा सुरक्षा पर असर पड़ा है। गलत विदेश नीति ने यह स्थिति पैदा की है।



अब हमें तैयारी करनी होगी। हमारे पास अभी थोड़ा समय है। सरकार और प्रधानमंत्री को तुरंत तैयारी शुरू करनी चाहिए, वरना करोड़ों लोगों को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है।श उन्होंने ये भी कहा था कि, श्यह कोई राजनीतिक बयान नहीं है। मुझे साफ दिखाई दे रहा है कि एक बड़ी समस्या आने वाली है। समस्या यह है कि प्रधानमंत्री देश के प्रधानमंत्री की तरह काम नहीं कर पा रहे हैं। इसके पीछे एक वजह है, वह फंसे हुए हैं। फिर भी उन्हें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि भारत के लोग सुरक्षित रहें और हमारी ऊर्जा सुरक्षा हमारे नियंत्रण में रहे।श राहुल गांधी के इस बयान पर भाजपा ने उन पर हमला बोला था कि वे बेवजह घबराहट फैला रहे हैं। खुद प्रधानमंत्री मोदी उन दिनों तमिलनाडु और केरलम में चुनाव प्रचार करने पहुंचे थे और उन्होंने कहा था कि कहीं कोई संकट नहीं है और विपक्ष अफवाहें फैला रहा है। यह वैसा ही बयान था, जैसा कोरोना संकट के वक्त दिया गया था या उससे पहले गलवान पर हमले के वक्त कहा था कि कोई नहीं आया है। अगर प्रधानमंत्री को संदेह का लाभ दिया जाए तब भी यही समझ आता है कि उन्हें जब तक अहसास होता है कि कहीं कोई बड़ी समस्या खड़ी हो चुकी है, तब तक करोड़ों लोग उससे प्रभावित हो चुके होते हैं। इसलिए अगर प्रधानमंत्री से देश नहीं संभल रहा है, तो देशभक्ति की खातिर ही किसी सुपात्र को इस पद की जिम्मेदारी सौंप दें। लेकिन इस वक्त तो समूची भाजपा केवल प्रधानमंत्री के दिखाए को ही देख रही है, वो जो सुनाएं उसे सुन रही है। अपनी तर्कक्षमता और विवेक का इस्तेमाल करने वाले देश की सबसे बड़ी पार्टी में लगता है, हैं ही नहीं। भाजपा इसे भले अनुशासन माने, लेकिन असल में यह चाटुकारिता है कि प्रधानमंत्री को सही सलाह नहीं दे कर, केवल हां में हां मिलाया जा रहा है। तभी तो केन्द्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी ने सदन में कहा था कि हमारी रिफाइनरियां उच्च क्षमता उपयोग के साथ काम कर रही हैं। कई मामलों में यह 100 प्रतिशत से भी अधिक पर चल रही हैं। पेट्रोल, डीजल, केरोसीन, एटीएफ या फ्यूल ऑयल की कोई कमी नहीं है। अगर 12–13 मार्च तक सरकार को कोई कमी महसूस नहीं हुई तो क्या सड़कों पर कतार में खाली सिलेंडर लेकर खड़े लोग भी दिखाए नहीं दिए। और अब प्रधानमंत्री क्यों यह कह रहे हैं कि पश्चिम एशिया का संकट भारत के लिए चिंता का कारण है। सोमवार को लोकसभा में दिए अपने वक्तव्य में उन्होंने कहा था कि इस संकट का सामना देशवासियों को कोरोना संकट की तरह ही करना होगा। और फिर मंगलवार को उन्होंने फिर कहा कि अगर यह जंग जारी रही, तो इसके गंभीर दुष्परिणाम होंगे। उन्होंने कहा, श्भारत हर सेक्टर में यह प्रयास कर रहा है कि किसी भी सेक्टर में दूसरे देशों पर बहुत अधिक निर्भरता न हो।श यानी आत्मनिर्भर बनाने के दावे कम से कम दस साल से हो रहे हैं और अब कहा जा रहा है कि हम प्रयास कर रहे हैं। वहीं जिस समस्या को राहुल गांधी ने 12 मार्च को संसद से बताया था, उस पर 12 दिन बाद राज्यसभा में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि तीन सप्ताह से अधिक समय हो चुका है तथा इस युद्ध ने विश्व में गंभीर ऊर्जा संकट पैदा कर दिया है। उन्होंने कहा कि भारत के लिए भी यह स्थिति चिंताजनक है। इस युद्ध से हमारे व्यापार के रास्ते प्रभावित हो रहे हैं। इससे पेट्रोल, डीजल, गैस और उर्वरक जैसे जरूरी सामान की नियमित आपूर्ति प्रभावित हो रही है। हम सभी संभव स्रोतों से गैस, कच्चा तेल खरीदने की कोशिश कर रहे हैं, आने वाले दिनों में प्रयास जारी रहेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि खाड़ी देशों में करीब एक करोड़ भारतीय रहते हैं, वहां काम करते हैं। उन्होंने कहा कि उनका जीवन एवं आजीविका भारत के लिए बहुत बड़ी चिंता का कारण है।

# भाजपा ने दिखाया आरक्षण विरोधी चेहरा

**एक तरफ यूजीसी के नए नियमों के बहाने दलितों और पिछड़ों की हितरक्षा का दिखावा और दूसरी तरफ आरक्षण के हक को कम काबिलियत के समान बताने की खोटी नीयत, यही खेल भाजपा इस समय खेल रही है। जबकि राहुल गांधी जाति जनगणना की मांग ही इसलिए करते हैं ताकि दलित और पिछड़ी आबादी को उसका पूरा हक मिले। आरक्षण की सीमा बढ़े ताकि शिक्षा, नौकरी या जीवन के...**

कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी की तबीयत इन दिनों खराब है। दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है। उनके बेटे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी लगातार अस्पताल में अपनी मां के साथ बने हुए हैं। उन्होंने बुधवार को केरलम का चुनावी दौरा भी रद्द कर दिया, क्योंकि उन्हें अपनी मां की तबियत की फिक्र थी। ऐसे मौके पर भी भाजपा राजनीतिक वार करने से बाज नहीं आई। जब सोनिया गांधी अस्पताल में भर्ती हुईं उसी वक्त कांग्रेस पार्टी को 24 अकबर रोड पर बने कार्यालय को खाली करने का नोटिस भेज दिया गया। इसके अलावा यूथ कांग्रेस को भी दफ्तर खाली करने का नोटिस भेजा गया। हालांकि कांग्रेस का नया दफ्तर इंदिरा भवन से चल रहा है, लेकिन 24 अकबर रोड का ऐतिहासिक महत्व है, जिसे भाजपा खत्म करना चाहती है। इधर भाजपा के गोड्डा से सांसद निशिकांत दुबे ने सोनिया गांधी के इलाज में भी राजनीति का मौका तलाश लिया है। उन्होंने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए पूछ लिया कि वह अपनी मां का ऐसे अस्पताल में क्यों इलाज करा रहे हैं जहां आरक्षण व्यवस्था लागू नहीं है।



निशिकांत दुबे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, श्राहुल गांधी जी सोनिया गांधी जी का इलाज जिस अस्पताल गंगाराम में हो रहा है वह प्राइवेट अस्पताल है, वहां आरक्षण लागू नहीं है। यदि एम्स में इलाज कराते तो वहां आपको 60 प्रतिशत आरक्षण के डॉक्टर मिलते, क्या आपका भरोसा सरकारी अस्पताल में नहीं है? उनका इलाज भी डॉक्टर अरुप बासु कर रहे हैं जो आरक्षित वर्ग के डॉक्टर नहीं हैं। सोनिया जी के स्वस्थ होने की कामना हम सभी करते हैं, लेकिन आपने कांग्रेस की क्या हालत बनाई है? जार्ज सोरोस के कहने पर आप समाज को बांटकर देश क्यों तोड़ना चाहते हैं?श निशिकांत दुबे इससे पहले भी जिस तरह से नेहरूजी और इंदिरा गांधी के बारे में बेसिरपैर की बातें करते रहे हैं उसमें उनसे किसी सदाशयता या शिष्टता की उम्मीद नहीं है। इस बार सोनिया गांधी के नाम पर उन्होंने राहुल गांधी को घेरने का मौका ढूंढ लिया, लेकिन इसमें दो बड़ी गलतियां सांसद दुबे कर बैठे। एक तो उन्होंने उस एम्स की श्रेष्ठता पर सवाल उठाए, जो भारत में करोड़ों लोगों के लिए इलाज की बड़ी आस है। एम्स के नाम पर नरेन्द्र मोदी ने खूब राजनैतिक रोटियां सेंकी है। कांग्रेस शासनकाल में केवल 7 एम्स थे, हमने देश भर में 20 एम्स बनवाए, ऐसी बातें बोलकर भाजपा अपनी काबिलियत दिखाती है। लेकिन निशिकांत दुबे तो बता रहे हैं कि एम्स में सही इलाज नहीं होता, इसलिए राहुल गांधी ने सर गंगाराम को अपनी मां के इलाज के लिए चुना। निशिकांत दुबे ने सत्ता में बैठकर जिस तरह अपनी ही सरकार द्वारा संचालित एम्स में अच्छे इलाज के लिए संदेह जाहिर किया है, वह राहुल गांधी या कांग्रेस के लिए नहीं बल्कि उनकी पार्टी भाजपा के लिए मुश्किल खड़ी करेगा। जहां तक राहुल गांधी की बात है, तो पिछले साल जनवरी में उन्होंने केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा और दिल्ली की तत्कालीन मुख्यमंत्री आतिशी को पत्र लिखकर एम्स पर करोड़ों लोगों की निर्भरता और उस की बदहाली की तरफ ध्यान दिलाया था। राहुल गांधी ने अपने पत्र में लिखा था कि, श्हाल ही में मैंने देखा कि कड़कड़ाती ठंड में ये लोग मेट्रो स्टेशन के सब–वे के नीचे सोने को मजबूर हैं, जहां पीने के पानी या शौचालय की कोई व्यवस्था नहीं है। चारों ओर कूड़े के ढेर लगे हुए हैं। दिल्ली एम्स में इतनी बड़ी संख्या में मरीजों का आना यह भी दर्शाता है कि लोगों को जहां वे रहते हैं, वहां सस्ती और अच्छी गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। मुझे उम्मीद है कि दिल्ली की मुख्यमंत्री और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मेरे पत्र का संज्ञान लेते हुए इस मानवीय संकट को हल करने के लिए तत्काल कदम उठाएंगे। राहुल गांधी ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री को लिखे पत्र में कहा, श्इनमें से कई मरीज देश के दूर–दराज इलाकों से आते हैं, अपनी जीवन भर की बचत खर्च करते हैं, और भारत के इस प्रमुख अस्पताल में इलाज के लिए महीनों तक प्रतीक्षा करते हैं। मुझे यकीन है कि आप इस बात से सहमत होंगे कि किसी को भी ऐसी कठिनाई का सामना नहीं करना चाहिए, खासकर तब जब वह पहले से ही गंभीर बीमारी से जूझ रहा हो। दिल्ली एम्स उत्कृष्ट और किफायती इलाज प्रदान करता है, लेकिन मरीजों और उनके परिवारों की स्थिति से पता चलता है कि अब भी करोड़ों भारतीयों के पास बेहतर इलाज की सुविधा उपलब्ध नहीं है। श इस पत्र से राहुल गांधी के सरोकार स्पष्ट हो जाते हैं कि वे दिल्ली एम्स को उत्कृष्ट मानते हैं और उनकी चिंता के दायरे में करोड़ों परिवार आते हैं। लेकिन निशिकांत दुबे की चिंता यह है कि सोनिया गांधी का इलाज सर गंगाराम में क्यों हो रहा है।

और जिस तरह आरक्षण का मुद्दा यहां उन्होंने उठाया, उसमें भी भाजपा का आरक्षण विरोधी चेहरा फिर उजागर हो गया। एक तरफ यूजीसी के नए नियमों के बहाने दलितों और पिछड़ों की हितरक्षा का दिखावा और दूसरी तरफ आरक्षण के हक को कम काबिलियत के समान बताने की खोटी नीयत, यही खेल भाजपा इस समय खेल रही है। जबकि राहुल गांधी जाति जनगणना की मांग ही इसलिए करते हैं ताकि दलित और पिछड़ी आबादी को उसका पूरा हक मिले। आरक्षण की सीमा बढ़े ताकि शिक्षा, नौकरी या जीवन के अन्य क्षेत्रों में दलितों की भागीदारी बढ़े, क्योंकि इसी के बाद समाज में समानता स्थापित हो सकेगी।



# पीएम मोदी ने किया जम्मू–कश्मीर क्रिकेट टीम का जिक्र, जमकर की तारीफ

पीएम मोदी ने पहली बार रणजी ट्रॉफी खिताब जीतने वाली जम्मू–कश्मीर की क्रिकेट टीम की रविवार को जमकर तारीफ की। साथ ही उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी वहां के खिलाड़ियों की जीत का सिलसिला जारी रहेगा। रेडियो पर अपने मासिक कार्यक्रम मन की बात में पीएम मोदी ने कहा कि देश के क्रिकेट प्रेमियों के लिए मार्च का महीना उत्साह और रोमांच से भरा रहा। उन्होंने कहा कि, भारत ने जब टी20 वर्ल्ड कप 2026 जीता तो पूरे देश में खुशी की लहर दौड़ गई और सभी देशवासियों को टीम की बेहतरीन सफलता का गर्व है।





पीएम मोदी ने कहा कि, पिछले महीने के आखिर में कर्नाटक के हुबली में एक बहुत ही रोचक मैच में जम्मू–कश्मीर क्रिकेट टीम ने रणजी ट्रॉफी जीती। मोदी ने कहा कि सबसे खुशी की बात है कि करीब सात दशक के लंबे इंतजार के बाद इस टीम ने अपना पहला रणजी खिताब हासिल किया। ये अभूतपूर्व सफलता खिलाड़ियों के कई बरसों के निरंतर प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि जम्मू–कश्मीर टीम के कप्तान पारस डोगरा ने अद्भुत कौशल का प्रदर्शन किया। अपने नेतृत्व से इस जीत में उन्होंने एक अहम योगदान दिया। पीएम मोदी ने कहा कि आज देश में कश्मीर के युवा गेंदबाज आकिब नबी के प्रदर्शन की भी चर्चा हो रही है जिन्होंने रणजी सत्र में 60विकेट लिए। उन्होंने कहा कि, इस जीत से टीम के खिलाड़ी और कोचिंग स्टाफ के साथ जम्मू–कश्मीर के लोग बहुत रोमांचित हैं। क्रिकेट के मैदान में इस बेहतरीन प्रदर्शन के बाद वहां के युवाओं में खेलों के प्रति उत्साह और बढ़ गया। आने वाले समय में ये कई युवाओं को खेलों को अपनाने के लिए प्रेरित करेगा।

# आर्यना सबालेंका ने जीता मियामी ओपन, कोको गॉफ को हराकर लगातार दूसरी बार जीता खिताब

आर्यना सबालेंका ने मियामी ओपन का खिताब अपने नाम कर लिया है। उन्होंने फाइनल मुकाबले में दुनिया की चौथे नंबर की खिलाड़ी कोको गॉफी को 6–2, 4–6, 6–3 से हराया। इगा स्वियाटेक के बाद सबालेंका सनशाइन डबल पूरा करने वाली पहली खिलाड़ी बन गई हैं।



आर्यना का ये लगातार दूसरा मियामी ओपन खिताब है। इससे पहले ऐश बार्टी और सेरेना विलियम्स ही लगातार ये टूर्नामेंट जीत पाई थीं। इस तरह सबालेंका ने दिग्गज खिलाड़ियों की सूची में अपनी जगह बना ली है। सबालेंका एक ही सीजन में इंडियन वेल्स और मियामी में सनशाइन डबल जीतने वाली पांचवीं महिला खिलाड़ी बन गई हैं। सबालेंका से पहले स्टेफी ग्राफ, किम क्लिस्टर्स, विक्टोरिया अजारेंका और इगा स्वियाटेक ये कारनामा कर चुकी हैं।

सबालेंका 2000 के बाद से चौथी खिलाड़ी हैं जो साल के अपने पहले चार टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची। उनसे पहले मार्टिना हिंगिस–2001, सेरेना विलियम्स–2003 और विक्टोरिया अजारेंका–2012 के फाइनल में पहुंची हैं।

वहीं खिताब जीतने के बाद सबालेंका ने कहा कि, ये खिताब काफी खास है। मेरा लक्ष्य हमेशा इतिहास में अपना नाम दर्ज कराना रहा है और मैंने बस वही किया। ये सुनने में बहुत अजीब लगता है। मुझे नहीं पता कि मैं ये कैसे कर पाई, लेकिन अभी मुझे बहुत गर्व है। बेशक, इस खूबसूरत ट्रॉफी से बहुत खुश हूं।

# चेन्नई सुपर किंग्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच भिड़ंत, आमने–सामने होंगे संजू–जडेजा

पिछले एक दशक से अधिक राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रहे संजू सैमसन अब आईपीएल के मैच में सोमवार को उसी टीम के खिलाफ चेन्नई सुपर किंग्स की जर्सी में नजर आयेंगे जबकि चेन्नई टीम का हिस्सा रहे रविंद्र जडेजा अब रॉयल्स के लिये खेलने जा रहे हैं। पिछले दस साल से अधिक समय से सैमसन रॉयल्स टीम के कप्तान और स्टार बल्लेबाज रहे हैं। उनकी कप्तानी में रॉयल्स 2022 में फाइनल तक पहुंची थी। जिस तरह से चेन्नई की पहचान महेंद्र सिंह धोनी हैं, वैसे ही रॉयल्स की पहचान सैमसन बन गए थे लेकिन इस सत्र से पहले हुई अदला बदली में अब जडेजा रॉयल्स के लिये खेलेंगे और भारत की टी20 विश्व कप जीत के नायक रहे सैमसन चेन्नई टीम का हिस्सा होंगे।

सैमसन ने टी20 विश्व कप में वेस्टइंडीज, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के खिलाफ आखिरी





तीन मैचों में 50 से अधिक रन बनाकर भारत की खिताबी जीत में सूत्रधार की भूमिका निभाई। वह चेन्नई के कप्तान रूतुराज गायकवाड़ के साथ पारी की शुरूआत करेंगे और टीम के कोर नेतृत्व का भी हिस्सा होंगे चूंकि धोनी फिटनेस कारणों से कम से कम दो सप्ताह नहीं खेल पायेंगे। धोनी टीम के साथ गुवाहाटी नहीं आये हैं और उनकी गैर मौजूदगी में सैमसन तथा गायकवाड़ पर नजरें रहेंगी।

धोनी की गैर मौजूदगी में 20 साल के बायें हाथ के स्पिनर हरफनमौला प्रशांत वीर को मौका मिल सकता है जिन्होंने घरेलू टी20 मैचों में प्रभावित किया। उनके अलावा 14 .2 करोड़ रूपये में खरीदे गए कार्तिक शर्मा भी फोकस में होंगे जो घरेलू सर्किट में छक्के लगाने के अपने हुनर के लिये जाने जाते हैं। चेन्नई की बल्लेबाजी मजबूत लग रही है चूंकि डेवाल्ड ब्रेविस अब परिपक्व हो चले हैं जबकि शिवम दुबे मध्यक्रम के भरोसेमंद बल्लेबाज बन गए हैं। युवा आयुष म्हात्रे भी तेजी से निखरते जा रहे हैं। गेंदबाजी में नूर अहमद , अकील हुसैन, मैट हेनरी और खलील अहमद जिम्मेदारी संभालेंगे। रॉयल्स के लिये सैमसन का जाना एक युग का अंक है और रियान पराग की कप्तानी में एक नये दौर की शुरूआत है जो अपने घरेलू मैदान से कप्तानी की शुरूआत करेंगे। जडेजा के आने से टीम का अनुभव और संतुलन बढा है। उनकी बल्लेबाजी का दारोमदार यशस्वी जायसवाल पर रहेगा। उनके साथ युवा वैभव सूर्यवंशी और फॉर्म में चल रहे शिमरोन हेटमायेर हैं।

रॉयल्स के लिये चिंता का सबब उसकी गेंदबाजी है। पिछले सत्र के बाद टीम में कई बदलाव हुए हैं लेकिन जोफ्रा आर्चर की अगुवाई में तेज गेंदबाजों को निरंतरता पर काम करना होगा। स्पिन का जिम्मा जडेजा और रवि बिश्नोई संभालेंगे। पिछले सत्र में चेन्नई आखिरी स्थान पर और रॉयल्स नौवें स्थान पर रही थी। टीमें : राजस्थान रॉयल्स : रियान पराग (कप्तान), ध्रुव जुरेल, डोनोवन फरेरा, लुआन ड्रे प्रिटोरियस, रवि सिंह, अमन पेराला, शिमरोन हेटमायेर, शुभम दुबे, वैभव सूर्यवंशी, यशस्वी जायसवाल, रविंद्र जडेजा, सैम कुरेन, एडम मिल्ने, बृजेश शर्मा, जोफ्रा आर्चर, कुलदीप सेन, क्वेना मफाका, नांद्रे बर्गर, रवि बिश्नोई और संदीप शर्मा।

चेन्नई सुपर किंग्स : रूतुराज गायकवाड़ (कप्तान), संजू सैमसन, डेवाल्ड ब्रेविस, शिवम दुबे , आयुष म्हात्रे, मैट हेनरी, अकील हुसैन, नूर अहमद, जैमी ओवर्टन, मैथ्यू शॉर्ट, खलील अहमद, जाक फोकेस, अंशुल कम्बोज, नाथन एलिस, सरफराज खान, राहुल चाहर, कार्तिक शर्मा, उर्विल पटेल, अमन खान, रामाकृष्णा घोष, प्रशांत वीर, श्रेयस गोपाल, गुरजपनीत सिंह और मुकेश चौधरी।

## अंतिम तक हार न मानना ही सफलता की असली कुंजी: उमेश प्रसाद

बाराबंकी। महात्मा गांधी स्पोर्ट्स क्लब द्वारा भारतीय रेलवे में खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले वरिष्ठ खिलाड़ियों और ट्रेड यूनियन लीडर को सम्मानित किया गया। .गांधी भवन में आयोजित एक समारोह के दौरान उ.प्र सरकार द्वारा खेल के सर्वोच्च सम्मान लक्ष्मण पुरस्कार से सम्मानित स्वीमिंग प्लेयर उमेश प्रसाद, नेशन हॉकी प्लेयर मुकुल शाह, सीनियर हॉकी खिलाड़ी नीतू शर्मा और पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर के ट्रेड यूनियन लीडर सुभाष दुबे को सम्मानित किया गया है। सात बार गोल्ड मेडलिस्ट और लक्ष्मण अवार्डी प्लेयर उमेश प्रसाद वर्तमान में पूर्वोत्तर रेलवे की भारतीय टीम के स्वीमिंग कोच के पद पर कार्यरत हैं। इस सम्मान के तहत खिलाड़ियों को गांधी स्पोर्ट्स क्लब की ओर से मोमेंटो और शॉल प्रदान किया गया। सभी खिलाड़ियों को यह पुरस्कार राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन और अद्वितीय उपलब्धियों के लिए दिया गया है। वहीं जिले के प्रतिष्ठित समाजसेवी एवं सेवा सोसाइटी के अध्यक्ष मो उमैर किदवई ने गांधी स्पोर्ट्स क्लब खिलाड़ियों को एक दर्जन हॉकी भेंट की। कार्यक्रम में युवा खिलाड़ियों में जोश भरते हुए लक्ष्मण अवार्डी प्लेयर उमेश प्रसाद ने उन्हें कड़ी मेहनत और अटूट संकल्प का मंत्र देते हुए युवाओं को खेल जगत में अपनी पहचान बनाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने राज्य सरकार की ओर से खेलों को दी जा रही प्राथमिकता की जमकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार युवाओं को एक सशक्त मंच प्रदान कर रही है। सरकार युवाओं और खेल को प्राथमिकता दे रही है। जिससे सुदूर क्षेत्रों के खिलाड़ियों की प्रतिभा मंच मिला है। खेल विधाओं को अवसर मिल रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में बाराबंकी से न केवल राष्ट्रीय खिलाड़ी, बल्कि ओलंपिक मेडलिस्ट भी निकलेंगे। उन्होंने क्लब के खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि सफलता के लिए फोकस्ड रहना, ईमानदारी से प्रयास करना और अंतिम तक हार न मानना ही सफलता की असली कुंजी है। कार्यक्रम का संचालन मो उमैर किदवई ने किया।

## ऐतिहासिक नाटक तुगलक का प्रभावपूर्ण मंचन

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी के सहयोग सें उमंग फाउंडेशन की नवीनतम प्रस्तुति के अन्तर्गत आज प्रसिद्ध नाटककार गिरीश कर्नाड द्वारा रचित ऐतिहासिक नाटक तुगलक का प्रभावपूर्ण मंचन गोयल इंस्टीट्यूट ऑफ हायर स्टडीज महाविद्याल के सभागार में किया गया। राहुल शर्मा की परिकल्पना एंव निर्देशन में नाटक के कलाकारो द्वारा मंच सें जीवंत एवं प्रभावशाली प्रस्तुति ने सत्ता, राजनीति और मानव स्वभाव की दशा को इतिहास के पन्नो सें उजागर कर दर्शकों को अतीत की गहराईयों में ले जाकर आदर्शवादी व्यक्ति की सबसे विशेष खूबी संतुलन बनाये रखने की शिक्षा को देने का असरदार प्रयास किया है। यह प्रस्तुति केवल ऐतिहासिक नाट्य प्रस्तुति नहीं बल्कि समाज के लिए एक आईना है जो जीवन की सबसे बड़ी शिक्षा का सशक्त मंच बनकर उभरी जिसने दर्शकों में गहरी विचारधारा को जन्म दिया। नाटक तुगलक की कहानी दिल्ली सल्तनत के शासक मूहम्मद बिन तुगलक के जीवन और शासन पर आधारित है। नाटक में तुगलकध को एक बुद्धिमान, आदर्शवादी लेकिन विरोधाभासी शासक के रूप में दिखाया गया है। अंततः नाटक यह दर्शाता है कि उच्च्य आदर्शों और वास्तविकता के बीच संतुलन न बना पाने के कारण तुगलकध का पतन होता है। नाटक में तमाल बोस, अनामिका सिंह, गुरुदत्त पांडे, शशांक पांडेय, रोहित श्रीवास्तव, कुलदीप श्रीवास्तव, ललित कुमार, आनंद यादव, विनय गुज्जर, सनुज प्रजापति, रवि सिन्हा, ओम प्रकाश केवलानी ने अभिनय किया वहीं म्यूजिक आकाश दयाल एवं प्रकाश रोजी मिश्रा द्वारा कर गया।

## काल्विन अस्पताल के डॉक्टर को घेरकर लात–घूसे मारे

प्रयागराज। काल्विन मंडलीय अस्पताल में तैनात एक डॉक्टर को दिनदहाड़े घेरकर बदमाशों ने लात–घूसे बरसाए। डंडे से भी चोट पहुंचाई। शिकायत के बावजूद डॉक्टर को टरकाया जाता रहा। वह लगातार चक्कर काटते रहे तब जाकर 11 दिन बाद एफआईआर दर्ज की गई। हालांकि पुलिस का कहना है कि डॉक्टर खुद पहले एफआईआर नहीं दर्ज कराना चाहते थे। एक आरोपी को जेल भेज दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित डॉक्टर मोती लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के सर्जरी डिपार्टमेंट में जूनियर रेजीडेंट हैं। उनकी ड्यूटी इन दिनों मोती लाल नेहरू मंडलीय अस्पताल (कॉल्विन) में चल रही है जहां वह तीन महीने के प्रशिक्षण पर हैं। उन्होंने बताया कि बीती 14 मार्च को वह ओपीडी खत्म करने के बाद दोपहर में अपने कमरे पर वापस जाने के लिए अस्पताल से निकले। एमडीआई अस्पताल के सामने पानी की बोतल खरीदने के लिए वह एक दुकान पर रुके। अभी वह पानी खरीद ही रहे थे कि तभी वहां दो बाइक पर सवार होकर पांच लड़के आए। उनमें से एक युवक ने उन्हें बाहर खींच लिया और गालीगलौज करने लगा। विरोध करने पर अपने साथियों के साथ मिलकर उन्हें पीटना शुरू कर दिया। घेरकर लात–घूंसे बरसाए। साथ ही बाइक भी क्षतिग्रस्त कर दी। वह छोड़ने की गुहार लगाते रहे लेकिन हमलावर उन्हें पीटते रहे। जब राहगीरों की भीड़ जुटने लगी तो हमलावर धमकाते हुए भाग निकले। जाते–जाते धमकी भी दी कि पुलिस में गए तो जान से मार देंगे।

# अमेरिका से यूरोप तक, डोनल्ड ट्रंप का जोरदार विरोध, व्हाइट हाउस ने बताया साजिश

ईरान के साथ युद्ध की स्थिति को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप को कड़े विरोध का सामना करना पड़ रहा है। शनिवार को अमेरिका और यूरोप के कई शहरों में नो किंग्स रैलियां निकाली गईं। इन रैलियों में लाखों की संख्या में लोग सड़कों पर उतरे और ट्रंप सरकार के फैसलों के खिलाफ अपना गुस्सा जाहिर किया।



प्रदर्शनों का मुख्य केंद्र रहा मिनेसोटा

अमेरिका का मिनेसोटा राज्य इन विरोध प्रदर्शनों का सबसे बड़ा केंद्र बनकर उभरा। सेंट पॉल में स्थित मिनेसोटा कैपिटल के बाहर हजारों लोग जमा हुए। प्रदर्शन के दौरान कई लोगों ने अमेरिका के झंडे को उल्टा पकड़ रखा था, जिसे संकट या परेशानी का ऐतिहासिक संकेत माना जाता है।

रैलियों में जुटी भारी भीड़

आयोजकों के अनुसार, इस बार करीब 90 लाख लोगों के शामिल होने की उम्मीद जताई गई थी। इससे पहले जून में हुई रैलियों में 50 लाख और अक्टूबर में 70 लाख लोग शामिल हुए थे। हालांकि, इस बार के सटीक आंकड़े आने अभी बाकी हैं, लेकिन अमेरिका के सभी 50 राज्यों में 3,100 से अधिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

सरकार और विरोधियों की प्रतिक्रिया

व्हाइट हाउस की प्रवक्ता एबिगेल जैक्सन ने इन रैलियों को वामपंथी संगठनों की साजिश बताया है। वहीं, नेशनल रिपब्लिकन कांग्रेसनल कमिटी ने भी इसकी कड़ी आलोचना करते हुए इसे श्अमेरिका–विरोधीश मंच करार दिया। उनका कहना है कि इन रैलियों के जरिए हिंसक विचारधारा को बढ़ावा दिया जा रहा है।

दुनिया भर में फैला विरोध प्रदर्शनः यह विरोध सिर्फ अमेरिका तक सीमित नहीं है। ब्रिटेन, इटली और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में भी प्रदर्शनों की योजना बनाई गई है। जिन देशों में राजा का शासन है, वहां इन रैलियों को श्नो टाइरेंट्सश (कोई तानाशाह नहीं) नाम दिया गया है। रोम और लंदन में प्रदर्शनकारियों ने ईरान पर इजरायल और अमेरिका के हमलों का विरोध किया और नस्लवाद के खिलाफ नारे लगाए।

# ईरान के खिलाफ महायुद्ध में अमेरिका अकेला नहीं, डोनाल्ड ट्रंप का दावा– सऊदी समेत सभी खाड़ी देश साथ

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के साथ जारी युद्ध के बीच सऊदी अरब के संबंधों को लेकर एक महत्वपूर्ण बयान दिया है। फ्लोरिडा में आयोजित एक निवेश मंच पर बोलते हुए ट्रंप ने दावा किया कि सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान अब उनकी नीतियों की सराहना कर रहे हैं। ट्रंप ने मजाकिया लहजे में कहा कि क्राउन प्रिंस को उम्मीद नहीं थी कि उनके नेतृत्व में अमेरिका इतनी जल्दी और मजबूती से वापसी करेगा।

अमेरिकी अर्थव्यवस्था की तारीफः ट्रंप के अनुसार, सऊदी नेता ने अमेरिकी प्रगति को देखकर आश्चर्य जताया है। उन्होंने कहा कि एक साल पहले तक अमेरिका की अर्थव्यवस्था कमजोर दिख रही थी, लेकिन अब वह दुनिया के सबसे विकसित देशों की सूची में शीर्ष पर है। ट्रंप ने बताया कि सऊदी अरब को पहले लगा था कि यह भी एक असफल अमेरिकी



कार्यकाल होगा, लेकिन अब वे अमेरिका के साथ बेहतर संबंध बनाए रखने के लिए मजबूर हैं।

क्राउन प्रिंस की प्रशंसा

राष्ट्रपति ट्रंप ने क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान को एक शानदार योद्धा और प्रभावशाली व्यक्तित्व बताया। उन्होंने कहा कि सऊदी अरब को अपने नेतृत्व पर गर्व होना चाहिए। ट्रंप ने यह भी साफ किया कि ईरान के खिलाफ युद्ध में सऊदी अरब, कतर, यूएई, बहरीन और कुवैत जैसे खाड़ी देशों ने कंधे से कंधा मिलाकर अमेरिका का समर्थन किया है।

ईरान की सैन्य क्षमता पर अंकुश लगाने की मांगः ईरान के साथ अमेरिका के युद्ध को अब लगभग एक महीना होने वाला है। इस बीच, खाड़ी देशों ने अमेरिका से पुरजोर मांग की है कि ईरान की मिसाइल और ड्रोन बनाने की क्षमता को पूरी तरह से खत्म किया जाए। ये देश चाहते हैं कि भविष्य में ईरान की ओर से होने वाले किसी भी खतरे को स्थायी रूप से रोक दिया जाए।

## मध्य पूर्व में बढ़ेगा तनाव? वाशिंगटन पोस्ट का दावा– ईरान पर जमीनी हमले की फिराक में यूएस

वाशिंगटन पोस्ट की शनिवार की रिपोर्ट के अनुसार, मध्य पूर्व में जारी युद्ध के पांचवें हफ्ते में प्रवेश करने के साथ ही अमेरिकी रक्षा मंत्रालय ईरान के खिलाफ एक नई सैन्य रणनीति पर काम कर रहा है। इस योजना के तहत ईरान के महत्वपूर्ण तटीय क्षेत्रों और रणनीतिक द्वीपों पर कई हफ्तों तक चलने वाले जमीनी सैन्य अभियान और छापे शामिल हो सकते हैं। खोजो और नष्ट करो अभियानः अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से बताया गया है कि इन छापों का मुख्य उद्देश्य उन हथियारों को ढूंढकर नष्ट करना है, जो वाणिज्यिक और सैन्य जहाजों के लिए खतरा बने हुए हैं। विशेष रूप से होर्मुज जलडमरूमध्य के पास के तटीय इलाकों को निशाना बनाने की तैयारी है, जिसे युद्ध शुरू होने के बाद से ईरान ने प्रभावी रूप से बंद कर रखा है। खारग द्वीप पर कब्जे की संभावनाः रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रंप प्रशासन ईरान के सबसे बड़े तेल टर्मिनल वाले खारग द्वीप पर कब्जा करने की संभावना पर भी गंभीरता से चर्चा कर रहा है।



यह द्वीप ईरान की अर्थव्यवस्था की रीढ़ माना जाता है। पेंटागन की इस योजना में विशेष अभियान बल और पारंपरिक पैदल सेना के सैनिकों का उपयोग किया जा सकता है। क्या राष्ट्रपति ट्रंप देंगे मंजूरी?: हालांकि ये सैन्य योजनाएं तैयार हैं, लेकिन रिपोर्ट में यह भी स्पष्ट किया गया है कि राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप इन योजनाओं को अंतिम मंजूरी देंगे या नहीं, यह अभी अनिश्चित है। यह भी साफ किया गया है कि प्रस्तावित जमीनी अभियान किसी पूर्ण पैमाने पर आक्रमण का हिस्सा नहीं होंगे, बल्कि ये सीमित समय के लिए किए जाने वाले रणनीतिक हमले होंगे।

## शांति के रास्ते पर चलकर ही मिलती है सफलताः नरेंद्र वर्मा

बाराबंकी। जिला बार एसोसिएशन बाराबंकी सभागार में सम्राट अशोक मौर्य जयंती, जन्मोत्सव के अवसर पर जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेंद्र वर्मा की अध्यक्षता व सर्वेश मौर्य एडवोकेट के आयोजन में कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें नरेंद्र वर्मा ने अपने सम्बोधन में कहा कि सम्राट अशोक अपने बाबा चन्द्रगुत मौर्य के पदचिन्हो पर चलकर देश में कुशल संचालन कर देश को विकास की राह पर खड़ा किया। जिन्होंने करीब 50 लाख किलोमीटर के क्षेत्रफल में भारतवर्ष को एकमत किया। जिनके कुशल संचालन की वजह से न्यायपालिका में सम्राट अशोक का चक्र बना है तथा देश करेंसी, नोटों पर अशोक की लाट्ट बनी है। देश के राष्ट्रीय ध्वज में भी चक्र का निशान आज तक मिशाल बना हुआ है। ऐसी शख्सियत को देशवासी हमेशा याद रखेंगे। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता ओम प्रकाश निगम, अनिल गुप्ता एड, जिला शासकीय अधिवक्ता प्रभारी सुनील मौर्या, पवन मिश्रा, महामंत्री रामराज यादव, आर.पी गौतम एड, सुनील मौर्या एड, अमरेश मौर्या, शैलेन्द्र मौर्या, विनोद मौर्या, सुरेश चन्द गौतम, नरेश सिंह, रमन द्विवेदी, शेखर वर्मा, बुंदिलाल गौतम, संदीप सरण सिंह, संजय गुप्ता, रमेश भारती, सहित कार्यकारिणी सदस्य व कई अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## हाईवे पर कोयले से लदा ट्रक पलटा

जौनपुर(आरएनएस )। बदलापुर तहसील के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग 731 (जौनपुर–सुल्तानपुर मार्ग) पर कलिंजरा मोड़ के पास एक अनियंत्रित ट्रक पलट गयी। बताया जा रहा है कि कोयले से लदा यह ट्रक सुल्तानपुर की ओर जा रहा था, तभी कलिंजरा मोड़ के समीप चालक ने नियंत्रण खो दिया और ट्रक सड़क किनारे पलट गया। ट्रक कोयले से भारी मात्रा में लदा हुआ था। मोड़ पर असंतुलित होने के कारण यह हादसा हुआ। ट्रक पलटने के बाद भारी मात्रा में कोयला सड़क किनारे फैल गया। गनीमत यह रही कि इस हादसे में किसी बड़े जान–माल के नुकसान की तत्काल सूचना नहीं मिली है, लेकिन मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग और प्रशासन मौके पर पहुंचे। भारी–भरकम ट्रक को उठाने और रास्ता साफ करने के लिए हाइड्रा क्रेन को बुलाया गया है। क्रेन की मदद से ट्रक को सीधा करने और कोयले को हटाने का प्रयास किया जा रहा है। हादसे के बाद कुछ समय के लिए यातायात भी प्रभावित रहा।

## महिलाएं/बालिकाएं/बेटियां हों स्वावलंबी, उनकी हो सुरक्षा, हो उनका सम्मान, शासन की है महत्वकांक्षी योजना, जागरूक रहें सुरक्षित रहें

गोण्डा। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के निर्देशन में जनपद में महिलाओं एवं बालिकाओं के प्रति हो रहे अपराध ों जैसे–छेड़छाड़ध्शोषण, दहेज उत्पीड़न, बाल अपराध, एसिड अटैक इत्यादि की रोकथाम के संबंध तरबगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पाली पुरवा (सिंगहाचन्दा) में बच्चियोंध् को प्रेरित कर जागरूक करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत,व्यापक प्रचार–प्रसार हेतु मिशन शक्ति टीम व एंटी रोमियो टीम द्वारा थाना तरबगंज जनपद गोंडा में बालिकाओं से संवाद स्थापित कर उनको मुख्यमंत्री द्वारा शुरू किए गए मिशन शक्ति अभियान 5.0 के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई और बच्चियों को प्रत्येक थाने पर स्थापित किए जा रहे ष्मिशन शक्ति केंद्रश्श के बारे में बताया गया तथा सुरक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों जैसे– यूपी आपातकालीन सेवा 112 विमेन पावर लाइन 1090 ,महिला हेल्पलाइन 181, चाइल्डलाइन 1098, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा 102, एंबुलेंस सेवा 108 इत्यादि से अवगत कराया गया और साथ ही साथ साइबर हेल्प लाइन नंबर 1930 के विषय में भी विस्तृत जानकारी दी गई।

## थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम ने महिलाओं व बालिकाओं को सुरक्षा हेतु जागरूक किया

गोण्डा मुख्यालय पर स्थित प्रसिद्व प्राचीन खैरा मन्दिर पर मिशन शक्ति अभियान 5.0 नारी सुरक्षा एवं जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत महिलाओं व बालिकाओं को षमिशन शक्ति केंद्रष के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए एंटी रोमियो टीम ने बताया सरकार द्वारा संचालित महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नम्बर्स जैसे–112 (आपातकालीन सहायता), 1090 (महिला हेल्पलाइन), 181 (महिला हेल्पलाइन/सहायता/घरेलू हिंसा), 1930 (साइबर हेल्पलाइन) आदि की जानकारी दी एवं जिनका उपयोग आवश्यकता पड़ने पर तुरंत सहायता प्राप्त करने के लिए किया जा सकता है। साथ ही सरकार द्वारा संचालित विभिन्न हेल्पलाइन एवं योजनाओं से संबंधित पम्पलेट वितरित कर छोटे बच्चों को गुड टच और बैड टच के बारे में जानकारी दी गई और स्कूल न जाने वाले बच्चों के अभिभावकों से संपर्क कर बच्चों को स्कूल भेजने के लिए जागरूक किया गया। साथ ही महिलाओं एवं बच्चियों को साइबर सुरक्षा के प्रति सतर्क रहने के लिए मार्गदर्शन किया गया तथा अज्ञात कॉल या संदेशों पर व्यक्तिगत जानकारी साझा न करने, बैंकिंग और डिजिटल धोखाधड़ी से बचाव करने, सोशल मीडिया पर गोपनीयता बनाए रखने और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना पुलिस को देने पर जोर दिया गया। इस दौरान नगर कोतवाली की उपनिरीक्षक पूजा वर्मा महिला आरक्षी शिवानी दीक्षित सहित अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

## एक सप्ताह से जला ट्रांसफार्मर शिकायत के बाद भी अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान

गोण्डा। एक सप्ताह से जला हुआ है ट्रांसफार्मर, शिकायत के बावजूद भी अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे। मुझेहना ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत बेसहुपुर के मजरा कोटिया में लगा विद्युत ट्रांसफार्मर एक सप्ताह पहले जल गया जिससे ग्राम वासियों को अंधेरे में रहना पड़ रहा है। उक्त ग्राम के निवासी अमित कुमार वर्मा, राहुल वर्मा, राधेश्याम वर्मा, दिलीप वर्मा, राम लायक वर्मा, जियालाल वर्मा सहित दर्जनों लोगों ने बताया ट्रांसफर जल जाने से पूरा गांव अंध ेरे में है और इस समय हल्की गर्मी भी पड़ने लगी है जिससे लोग काफी परेशान है। सभी लोगों ने बताया कि इसकी शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल 1076 तथा विद्युत हेल्पलाइन नंबर 1912 पर भी शिकायत की गई लेकिन अधिकारियों के कान पर जू तक नहीं रेगे। यह ग्राम सभा पावर हाउस धानेपुर के अंतर्गत आता है।विद्युत विभाग के जेई से लिखित रूप से शिकायत की गई उस पर भी कोई ध्यान नहीं दिया गया।

# गायघाट में कांग्रेस सेवादल का ध्वज वंदन कार्यक्रम सम्पन्न, प्रशिक्षण पर दिया गया जोर

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बहराइच। जनपद के गायघाट क्षेत्र में प्रत्येक माह की भांति इस बार भी माह के अंतिम रविवार को जिला कांग्रेस सेवादल के तत्वावधान में ध्वज वंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सेवादल के राष्ट्रीय प्रशिक्षक विनय सिंह द्वारा विधिवत ध्वजारोहण किया गया।ध्वजारोहण के पश्चात अपने संबोधन में विनय सिंह ने कहा कि सेवादल कांग्रेस पार्टी और संगठन की फौलादी सेना तथा रीढ़ है, जो कार्यकर्ताओं को अनुशासन, बौद्धिक क्षमता और व्यावहारिक दक्षता के माध्यम से सशक्त बनाता है। उन्होंने कहा कि सेवादल केवल संगठन का हिस्सा नहीं, बल्कि देश और समाज के प्रति समर्पण और अनुशासन का प्रतीक है।उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान समय में प्रशिक्षण शिविरों के अभाव में वास्तविक कार्यकर्ताओं की जगह दिखावटी और अवसरवादी लोगों का वर्चस्व बढ़ता जा रहा है। किचन पॉलिटिक्स और व्यक्तिगत स्वार्थों



के चलते कई लोग चापलूसी और दलाली के माध्यम से आगे बढ़ रहे हैं, जबकि समर्पित और प्रशिक्षित कार्यकर्ताओं की अनदेखी हो रही है।विनय सिंह ने कहा कि जैसे–जैसे संगठन में प्रशिक्षण की परंपरा कमजोर हुई है, वैसे–वैसे अनुशासनहीनता बढ़ी है और पार्टी अपने मूल मार्ग से भटकती नजर आ रही है। आज स्थिति यह है कि प्रशिक्षित कैडर ढूंढना कठिन हो गया है।कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष रमेश चंद्र मिश्र ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को तिरंगे के इतिहास और उसे फहराने की विधि की विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर वंदे मातरम्, ध्वज गीत, सामूहिक प्रतिज्ञा और राष्ट्रगान "जन गण मन" के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।इस दौरान अवधराज पासवान, शिवसागर वर्मा, रवीन्द्र स्वरूप, मालती पासवान, अजय कुमार वर्मा, तारा देवी, गौतम मिश्रा, बंटू रावत, लाल जी गिरि, ज्ञानेंद्र पाण्डेय, रामनरेश यादव, जावेद अहमद, विशुन पाल सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बहराइच में परिवहन विभाग का सख्त अभियान, ओवरलोड वाहनों पर शिकंजा

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बहराइच। वित्तीय वर्ष के अंतिम माह में परिवहन विभाग ने सड़कों पर सख्त चेकिंग अभियान शुरू कर दिया है। इस अभियान के तहत जिले भर में ओवरलोड वाहनों और नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है।पीटीओ अवधराम गुप्ता के नेतृत्व में चल रहे इस अभियान के दौरान टीम द्वारा विभिन्न मार्गों पर लगातार चेकिंग की जा रही है। अभियान के पहले ही दिन कई ओवरलोड वाहनों को पकड़ा गया, जिन पर भारी जुर्माना लगाया गया और कुछ वाहनों को सीज भी कर दिया गया।इस कार्रवाई से वाहन चालकों और ट्रांसपोर्टरों में हड़कंप की स्थिति देखी जा रही है। विभाग का स्पष्ट निर्देश है कि किसी भी कीमत पर ओवरलोडिंग और बिना दस्तावेजों के वाहन संचालन को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

विभाग द्वारा राजस्व बढ़ाने के लक्ष्य के साथ–साथ सड़क सुरक्षा को भी प्राथमिकता दी जा रही है। इसी क्रम में हर प्रमुख मार्ग और हाईवे पर सघन निगरानी रखी जा रही है, ताकि नियमों का पालन सुनिश्चित कराया जा सके।अधिकारियों ने बताया कि 1 अप्रैल से 15 अप्रैल तक विशेष रूप से स्कूली वाहनों के खिलाफ अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान स्कूल बसों और अन्य वाहनों की फिटनेस, परमिट, बीमा और चालक के दस्तावेजों की गहन जांच की जाएगी।बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विभाग कोई भी लापरवाही नहीं बरतना चाहता है। स्कूल प्रबंधन और वाहन चालकों को पहले ही निर्देश जारी कर दिए गए हैं कि सभी आवश्यक दस्तावेज पूर्ण रखें और सुरक्षा मानकों का पालन करें।परिवहन विभाग ने आम जनता से भी अपील की है कि वे नियमों का पालन करें और सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग दें।

## भव्य आयोजन के साथ शिव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा सम्पन्न, श्रद्धालुओं में दिखा उत्साह

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बहराइच। फखरपुर क्षेत्र के ग्राम बहेलिया में रविवार को धार्मिक आस्था और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला, जहां रामायण पाठ एवं शिव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम धूमधाम से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन भाजपा कार्यकर्ता संजय पांडे के आवास पर किया गया, जिसमें गांव सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुई, जिससे पूरे वातावरण में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हो गया। मुख्य अतिथि भाजपा नेत्री व स्पार्क कॉलेज की डायरेक्टर डॉ. अभिलाषा वर्मा ने विधि–विधान से पूजा–अर्चना कर



भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त किया। उनके नेतृत्व में प्राण प्रतिष्ठा की पवित्र प्रक्रिया संपन्न कराई गई।पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धालु भजन–कीर्तन में लीन नजर आए और वातावरण "हर हर महादेव" के जयघोष से गूंजता रहा। कार्यक्रम में महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली।डॉ. अभिलाषा वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन समाज में एकता, भाईचारे और आध्यात्मिक चेतना को मजबूत करते हैं। उन्होंने क्षेत्र की सुख–समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की।कार्यक्रम के अंत में श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया गया, जिसमें सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजन की सफलता में ग्रामवासियों और कार्यकर्ताओं का विशेष सहयोग रहा।

# पयागपुर में सामूहिक रूप से सुना गया 'मन की बात' कार्यक्रम

दैनिक बुद्ध का सन्देश

पयागपुर बहराइच। बहराइच जनपद के पयागपुर विधानसभा क्षेत्र में रविवार को 'मन की बात' कार्यक्रम को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। ग्राम पंचायत शंभू टिकरी के बूथ संख्या 114, काली मिश्र पूरवा में ग्रामीणों व भाजपा कार्यकर्ताओं ने एकत्र होकर छंतमदकतं डवकप के रेडियो कार्यक्रम को ध्यानपूर्वक सुना।कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने प्रधानमंत्री द्वारा साझा किए गए विचारों, योजनाओं और देशहित से जुड़े मुद्दों को गंभीरता से सुना और समझा। ग्रामीणों में कार्यक्रम को लेकर काफी उत्सुकता रही और सभी ने एक साथ बैठकर




इसका श्रवण किया।इस अवसर पर भाजपा सेक्टर संयोजक हरिओम मिश्रा, बूथ अध्यक्ष दिवाकर मिश्रा व देवनारायण मौर्या प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान वैद्यनाथ सिंह, पूर्व प्रधान कपीष सिंह, प्रदीप त्रिपाठी, अजय तिवारी, विनय तिवारी, प्रखर सिंह, भोलेंद्र शुक्ला, विवेक सिंह, महेश सिंह व जय जय राम शुक्ला सहित अन्य गणमान्य लोग भी शामिल हुए।कार्यक्रम के पश्चात उपस्थित लोगों ने प्रधानमंत्री के विचारों को प्रेरणादायक बताया और कहा कि 'मन की बात' से समाज में सकारात्मक संदेश मिलता है।

कई लोगों ने इसे जन–जागरूकता का सशक्त माध्यम बताते हुए इसकी सराहना की।ग्रामीणों ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से लोगों में जागरूकता बढ़ती है और देश के विकास कार्यों की जानकारी सीधे जनता तक पहुंचती है।कार्यक्रम का समापन आपसी संवाद और चर्चा के साथ हुआ, जिसमें सभी ने देशहित में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया

## बीजेपी का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का हुआ आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। भारतीय जनता पार्टी की दो दिवसीय प्रशिक्षण



शिविर का आयोजन रविवार को गैसड़ी के नगर पंचायत सभागार में किया गया। शिविर में कार्यकर्ताओं को पार्टी की नीतियों को जन–जन तक पहुंचने की बात पर चर्चा की गई। प्रशिक्षण शिविर में गैसड़ी के पूर्व विधायक शैलेश कुमार सिंह शैलू ने कहा कि सभी कार्यकर्ता नई ऊर्जा के साथ पार्टी की नीतियों को जन–जन तक पहुंचाने का कार्य करें। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश सिंह ने कहा कि आगामी 2027 विधानसभा का चुनाव का समय बहुत काम बचा हुआ है। प्रदेश में योगी के नेतृत्व में तमाम योजनाएं चलाई जा रही हैं जिससे सभी वर्गों को लाभ मिल रहा है। तीसरी बार प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाने के लिए सभी कार्यकर्ता आज से ही जुट जाएं। जिला उपाध्यक्ष बृजेंद्र तिवारी व जिला महामंत्री अजय सिंह पिंकू ने कहा कि आज विश्व में उथल–पुथल का माहौल है। एक देश दूसरे देश से जंग लड़ रहे हैं। पीएम मोदी देश के विकास के लिए निरंतर प्रयास कर रहे हैं। विपक्षी अफवाहों के जरिए देश का माहौल खराब करने का प्रयास कर रहे हैं। देश की जनता पीएम मोदी वी सीएम योगी पर विश्वास करती है। इस अवसर पर रामकरण मिश्रा, रमेश जायसवाल, राम.पाल शुक्ला, अजय सैनी, परमजीत सिंह पम्मी, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रिंस वर्मा, आनंद सिंह व मनराज सिंह मौजूद रहे।

# जनपदीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में सड़क सुरक्षा उपायों को प्रभावी बनाने का दिया गया निर्देश

कुशीनगर। जिला मुख्यालय स्थित विकास भवन के सभागार में जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता मे जनपदीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में विगत माह में हुए विभिन्न मार्ग दुर्घटनाओं पर चर्चा के उपरांत कार्यवाहियों की समीक्षा की गई।

बैठक के प्रारम्भ में लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियन्ता मुकेश वर्मा द्वारा विगत माह में की गई कार्यवाहियों की समीक्षा प्रस्तुत की गई। उन्होंने जनपद में घटित विभिन्न सड़क दुर्घटनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि कसया थाना क्षेत्र के बुद्ध मंदिर मार्ग स्थित नौका विहार के समीप मोटर साइकिलों की आपसी टक्कर में एक 17 वर्षीय युवक की मृत्यु, रामकोला क्षेत्र में बोलेरो एवं डीसीएम की टक्कर से दुर्घटना तथा पटहेरवा क्षेत्र में मोटरसाइकिल दुर्घटना में 32 वर्षीय युवक की मृत्यु की घटनाएं दर्ज की गईं। साथ ही एनएचपीडब्ल्यूसी, गोरखपुर द्वारा पुलिया मरम्मत एवं सुरक्षा संबंधी कार्यों की जानकारी भी दी गई। जिलाधिकारी ने उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन में सभी आवश्यक सुरक्षात्मक कार्य प्राथमिकता से पूर्ण कराने के निर्देश दिया। परिवहन विभाग की ओर से एआरटीओ मो० अजीम ने अवगत कराया कि पूर्व बैठक में प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में बीते 20 मार्च को स्कूल वाहनों की फिटनेस जांच हेतु विशेष शिविर आयोजित किया गया। जिसमें 130 वाहनों का निरीक्षण किया गया। शिविर के दौरान चिकित्सा विभाग के सहयोग से नेत्र परीक्षण, आई कैम्प का भी आयोजन किया गया। साथ ही राष्ट्रीय राजमार्गों पर ओवरलोडिंग के विरुद्ध अभियान चलाते हुए चालान एवं राजस्व वसूली की कार्यवाही निरंतर की जा रही है। इस पर जिलाधिकारी श्री तंवर ने निर्देशित किया कि सभी स्कूल बसों की फिटनेस अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए तथा जिला विद्यालय निरीक्षक एवं बेसिक शिक्षा अधिकारी को शामिल कर विद्यालय वाहनों की जांच अभियान को और तेज किया जाए।

बैठक में रोडवेज अधिकारियों, जिला विद्यालय निरीक्षक एवं बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए गए कि जिन वाहन चालकों एवं परिचालकों को दृष्टि दोष के कारण चश्मे की आवश्यकता है। उन्हें बिना चश्मा लगाए वाहन संचालन की अनुमति न दी जाए। पुलिस विभाग के यातायात निरीक्षक द्वारा अवगत कराया गया कि पड़रौना क्षेत्र में जाम की प्रमुख समस्या नहर के समीप बसों द्वारा अनियंत्रित रूप से यात्रियों को बैठाने एवं उतारने के कारण उत्पन्न होती है। इस पर डीएम ने यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। सड़क सुरक्षा से संबंधित सभी विभागों को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु प्रभावी एवं सतत कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। बैठक में पुलिस अधीक्षक, लोक निर्माण विभाग, परिवहन विभाग, एनएचएआई, रोडवेज तथा चिकित्सा विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेलों में 1937 मरीजों को मिला उपचार

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर।जनपद के सभी 31 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेलों में कुल 1937 मरीजों को उपचार मिला। लाभार्थियों में 852 पुरुष, 739 महिलाएं और 346 बच्चे शामिल रहे।मेलों में सामान्य स्वास्थ्य जांच, बीपी–शुगर, टीबी, कुष्ठ, नेत्र व दंत रोगों की जांच, गर्भवती महिलाओं की एएनसी जांच, टीकाकरण तथा निःशुल्क दवाओं का वितरण किया गया। साथ ही विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी दी गई।मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बघनी में आयोजित मेलों का निरीक्षण किया।

## घोरावल ब्लॉक कंप्यूटर ऑपरेटर सड़क दुर्घटना का हुआ शिकार, गंभीर रूप से घायल

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। हाथीनाला थाना क्षेत्र में रविवार की सुबह लगभग 8रू30 बजे घोरावल ब्लाक में कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटर स्थानीय निवासी आदित्य शांडिल (30) पिता स्व.व्रजेश तिवारी अपने स्कूटी से घोरावल ब्लॉक में ड्यूटी के लिए जा रहा था , युवक ज्योही हाथी नाला इको डायवर्सिटी पार्क से पहले एक मोड़ के पास पहुंचा सड़क पर जानवर को आजाने के दौरान स्कूटी अनियंत्रित हो गई और उस पर सवार युवक सड़क पर स्थित पुल के नीचे जा गिरा, जिससे उसके बाएं हाथ में गम्भीर चोट सहित शरीर के अन्य हिस्सों में भी चोटे आई हैं घायल अवस्था युवक को राजगीरों के द्वारा पुलिया से उठाकर सड़क पर लाया गया और एंबुलेंस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इलाज के लिए भेजा गया, जहां ड्यूटी में तैनात चिकित्सक डॉक्टर शाह आलम अंसारी के द्वारा इलाज जारी है।

# जय बजरंग अखाड़ा समिति रामनगर रामनवमी त्यौहार सकुशल संपन्न होने पर भव्य भंडारे का आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र |दुद्धी कस्बा के रामनगर स्थित डीहवार बाबा हनुमान मंदिर प्रांगण में जय बजरंग अखाड़ा समिति रामनगर के तत्वाधान में चौत्र नवरात्रि पूजा एवं पुरुषोत्तम श्री राम के जन्म उत्सव रामनवमी सकुशल संपन्न होने के उपरांत बजरंगी झंडे के विसर्जन को लेकर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी बृहद रूप से भव्य भंडारे का आयोजन अखाड़ा समिति के कार्यकर्ताओं के द्वारा किया गया इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय पूर्व विधायक हरिराम चेरो एवं विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष कमलेश मोहन ,देवनारायण जायसवाल उपस्थित रहे ,कार्यक्रम का शुभारंभ स्वर्गीय गोपाल चंद्रवंशी के चित्र प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित ,माल्यार्पण कर शुभारंभ किया गया, कार्यक्रम के दौरान मुख्य संरक्षक एवं अध्यक्ष के द्वारा सभी आए हुए अतिथियों को भगवा गमछा ओढाकर तिलक लगाकर स्वागत किया गया ,जहां क्षेत्र के तमाम गणमान्य ,महिला पुरुष सम्मिलित रहे, कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष कमलेश मोहन ने आने वाले दिनों में मंदिर प्रांगण के चार दिवारी बाउंड्री वॉल को मजबूत रूप से निर्माण करने का आश्वासन दिया और आए हुए सभी लोगों का भंडारे में स्वागत किया ,वही कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि हरिराम चेरो ने सभी उपस्थित जनों का सम्मान करते हुए कहा कि आज मुझे बहुत ही आंतरिक खुशी महसूस हो रही है, कि मैं विधायक नहीं भी हूं तब भी लोगों का इसने मुझे मिल रहा है ,सबसे बड़ी बात कि मुझे इस वर्ष केंद्रीय अखाड़ा के द्वारा रामनवमी में एवं आज जय बजरंग अखाड़ा समिति रामनगर के द्वारा इस भव्य भंडारे में मुझे आने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है, जो मेरे लिए हमेशा स्मरणीय रहेगा, यह भी कहां कि मंदिर प्रांगण में अखंड रामायण का कार्य जब भी किया जाएगा उसका खर्च मेरे द्वारा हमेशा निर्वाह किया जाएगा, कार्यक्रम का सफल संचालन अखाड़ा के मुख्य संरक्षक सुनील जायसवाल के द्वारा किया गया, कार्यक्रम में सम्मान समारोह के बाद सैकड़ो भक्तों ने श्रद्धापूर्वक भंडारे का प्रसाद ग्रहण कर हनुमान जी को भोग लगाया हुआ हलवा प्रसाद लेकर अपने घरों के लिए वापस बोलिए वही कार्यक्रम में आए श्रद्धालुओं ने भव्य एवं दिव्या भंडारे के लिए अखाड़ा समिति के सभी कार्यकर्ताओं एवं सहयोगी माता बहनों स्थानीय निवासियों का धन्यवाद ज्ञापित किया किया, इस मौके पर जेबीएस के अध्यक्ष पंकज जयसवाल संरक्षक रामलोचन तिवारी दीपक शाह,सुरेंद्र गुप्ता शंभू सोनी गुरुजी,जुबेर आलम .ष्णकांत तिवारी विजय चंद्रवंशी जितेंद्र चंद्रवंशी .ष्ण मुरारी पांडे अनिल हलवाई अध्यक्ष बबलू कश्यप एवं सचिव राजू शर्मा महामंत्री रोहित कश्यप सत्येंद्र चंद्रवंशी राजकुमार सोनी,भोला जौहरी, महेंद्र जायसवाल, विशाल चौरसिया,दिग्गज जौहरी शिवम जायसवाल,अजय चंद्रवंशी , रवि सिंह पुरोहित रवींद्र शुक्ला, महेंद्र अग्रहरि, सतनारायण, सहित आदि महिलाएं पुरुष बच्चे उपस्थित रहे।

# सेंट जेवियर्स पब्लिक स्कूल ने आयोजित किया स्कालरशिप प्रतियोगिता

## प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को नगद पुरस्कार देकर किया गया पुरस्कृत

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र |डाला नगर क्षेत्र के चढ़ाई स्थित सेंट जेवियर्स पब्लिक स्कूल में रविवार को कक्षा नौ व कक्षा 11 के 60 छात्र–छात्राओं के लिए स्कालरशिप प्रतियोगिता आयोजित हुई। प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले क्षात्रों को नगद पुरस्कार देकर पुरस्.त किया गया।विद्यालय की ओर से आयोजित स्कालरशिप प्रतियोगिता में सेंट जेवियर्स पब्लिक स्कूल समेत अन्य विद्यालयों से आए छात्र–छात्राओं ने प्रतिभाग किया ।पार्दर्शिता के साथ दो घंटे की कड़ी परिक्षा में सफल रहे बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए स्कूल के डायरेक्टर जितेन्द्र कुमार यादव ने कहा कि यह प्रतियोगिता सिर्फ पढ़ाई में आगे बढ़ने के लिए आर्थिक स्रोत ही नहीं हैं, बल्कि यह प्रतिभागियों को अपनी क्षमता परखने का अवसर प्रदान करती हैं। क्षमतावान विद्यार्थी इसमें सफल होकर अपने उन्नति का रास्ता साफ करते हैं। इस तरह की प्रतियोगिता में अव्वल नंबर प्राप्त करना बड़ी उपलब्धि के तौर पर देखा जाता है। जिन बच्चों को प्रोत्साहन राशि मिलती है उन्हें तेज–तर्रार और अध्ययनशील विद्यार्थी समझा जाता है।

ऐसे बच्चों का सम्मान न सिर्फ अन्य विद्यार्थी करते हैं, बल्कि अभिभावक व शिक्षक भी करते हैं। बाकी सभी छात्र–छात्राओं में प्रतिभा की कमी नहीं है बस उन्हें मेहनत करके आगे बढ़ने की जरूरत है। प्रतियोगी परीक्षा में प्रतिभाग कर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले तेजस्वी यादव को 11 हजार द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले सत्यप्रकाश को 51 सौ व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा श्रेया यादव को 31 सौ समेत 13 छात्र–छात्राओं को 11–11 सौ सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया अगले वर्ष वार्षिक परीक्षा के पूर्व स्कालरशिप प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी हमारा प्रयास है कि हमारे विद्यालय में पड़ने वाले बच्चे निरंतर आगे बढ़े जिससे विद्यालय की एक अलग पहचान बन सके।प्रिंसिपल शंकर सिंह ने सभी बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। संचालन शिक्षक राकेश वर्मा ने किया।इस दौरान विद्यालय की उप प्रधानाचार्या डा. निधी जायसवाल , ओबरा नपं की पूर्व अध्यक्ष दुर्गावती,समाजसेवी रमेश सिंह यादव,चेयरमैन धर्मेंद्र कुमार यादव आदि मौजूद रहे।

# डीजल, पेट्रोल की जमाखोरी एवं काला बाजारी करने वालो पर होगी सख्त कार्रवाई: डीएसओ

कुशीनगर। वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों के परिप्रेक्ष्य में डीजल एवं पेट्रोल की उपलब्धता को लेकर आमजन में किसी प्रकार की घबराहट अथवा कृत्रिम संकट की स्थिति उत्पन्न न होने देने हेतु शासन स्तर से आवश्यक दिशा निर्देश जारी किये गये हैं। साथ ही जमाखोरी, मुनाफाखोरी एवं कालाबाजारी पर कड़ी निगरानी रखने तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये हैं। जनपद में डीजल–पेट्रोल आदि की तस्करी पर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। उक्त बातें जिलापूर्ति अधिकारी कृष्ण गोपाल पांडेय ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहीं है। उन्होंने कहा है कि जनपद में डीजल पेट्रोल के जमाखोरी एवं काला बाजारी के खिलाफ अभियान चला कर कार्यवाहियां की जा रही है। इसी क्रम में 28 मार्च को विभिन्न स्थानों पर प्रवर्तन कार्यवाही की गयी, जिसके अंतर्गत डीजल, पेट्रोल का पर्याप्त सम्भरण बनाए न रखने के कारण ज्ञानवी चन्द्रा पेट्रोलियम, डीलर एच.पी.सी.एल. का डीजल विक्रय लाइसेंस निलंबित किया गया है। साथ ही पम्प पर पर्याप्त मात्रा में डीजल, पेट्रोल का स्टॉक बनाए न रखने के संबंध में स्पष्टीकरण तलब किया गया है। साथ ही पडरौना कोतवाली थाना क्षेत्र में डीजल, पेट्रोल की अवैध कालाबाजारी करते पाए जाने पर मौके से डीजल,पेट्रोल एवं वाहन को जब्त किया गया।

# होली मिलन समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रही गूंज




दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र |घोरावल नगर स्थित एक मैरिज हॉल में शनिवार की रात ओमर–उमर वैश्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया |होली मिलन समारोह में देर रात तक जहां अबीर गुलाल उड़े वही बच्चों के सांस्.तिक कार्यक्रमों की धूम रही। इसके पूर्व समारोह का प्रारंभ मुख्य अतिथि पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष राजेश कुमार, कार्यक्रम अध्यक्ष .ष्ण कुमार,क्षेत्रीय समिति अध्यक्ष नंदलाल द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। उक्त अवसर पर नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा आकर्षक सांस्.तिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया जो काफी सराहनीय रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष राजेश कुमार ने लोगों को एकजुट रहने और सामाजिक सहयोग पर बल दिया। मुख्य वक्ता महासभा महामंत्री राकेश कुमार ने संगठन के विस्तार पर चर्चा की |कार्यक्रम का संचालन रविंद्र कुमार एवं सीमा गुप्ता ने किया। उक्त अवसर पर प्रमुख रूप से कैलाश प्रसाद, रविंद्र कुमार ,.पा शंकर, प्रयाग दास एडवोकेट, कृष्ण कुमार किसानू,राकेश कुमार, राजीव कुमार, धीरज कुमार, रमेश कुमार ,किशोर कुमार ,कृष्ण चंद,बृजेश कुमार, बलिराम सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# बिना टिकट यात्री मिलने पर हुआ कार्रवाई: बलरामपुर-लखनऊरूट पर रोडवेज की महिला परिचालक कार्यमुक्त

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर |बलरामपुर से लखनऊ के कैसरबाग रूट पर चलने वाली एक रोडवेज बस में बिना टिकट यात्री मिलने के बाद विभाग ने सख्त कार्रवाई की है। इस मामले में महिला परिचालक को तत्काल प्रभाव से कार्यमुक्त कर दिया गया। यह कार्रवाई सहायक यातायात निरीक्षक अनिल कुमार शुक्ल की औचक चेकिंग के बाद की गई |निरीक्षक शुक्ल ने चंदनपुर मार्ग पर बस की जांच की थी। चेकिंग के दौरान बस में चार यात्री बिना टिकट यात्रा करते पाए गए। इनमें से दो यात्री बलरामपुर से बहराइच और अन्य दो गोविंदपुर से बहराइच तक बिना टिकट सफर कर रहे थे। इसे नियमों की अनदेखी और राजस्व को नुकसान पहुंचाने का गंभीर मामला माना गया |सहायक यातायात निरीक्षक ने पूरी घटना की रिपोर्ट सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक गोपी नाथ दीक्षित को सौंपी। रिपोर्ट मिलने के बाद एआरएम दीक्षित ने मामले को गंभीरता से लिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि बिना टिकट यात्रियों को बैठाना सीधे तौर पर भ्रष्टाचार है और इसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा |इस कार्रवाई के परिणामस्वरूप, संबंधित परिचालक सुमनलता कश्यप को उनके रूट से हटाकर क्षेत्रीय कार्यालय गोंडा के लिए कार्यमुक्त कर दिया गया है। विभाग ने यह भी संकेत दिया है कि भविष्य में इस तरह की लापरवाही या अनियमितता पाए जाने पर कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

# महिलाओं के स्वावलंबन के लिए जरूरी है आर्थिक मजबूती

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र |महिलाओं को आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से म्योरपुर ब्लाक के गोविंदपुर स्थित बनवासी सेवा आश्रम में में नौ दिवसीय सिलाई प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ रविवार को किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में क्षेत्र की कुल 15 महिलाएं प्रतिभागी के रूप में शामिल हुई हैं, जो उत्साहपूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं |यह कार्यशाला ऊषा नेशनल फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित की जा रही है, जिसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को कौशल आधारित प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें स्वरोजगार के अवसरों से जोड़ना है। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन म्योरपुर की जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सुषमा सिंह द्वारा फीता काटकर किया गया |उद्घाटन अवसर पर सुषमा सिंह ने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का माध्यम बनते हैं। उन्होंने कहा कि सिलाई जैसे हुनर को सीखकर महिलाएं न केवल अपने परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत कर सकती हैं, बल्कि समाज में आत्मसम्मान के साथ अपनी पहचान भी बना सकती हैं |प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को सिलाई के बुनियादी से लेकर उन्नत स्तर तक के कौशल सिखाए जाएंगे, जिनमें कपड़ों की कटिंग, डिजाइनिंग, मशीन संचालन तथा वस्त्र निर्माण से संबंधित व्यावहारिक जानकारी शामिल है। साथ ही उन्हें छोटे स्तर पर स्वरोजगार शुरू करने के तरीके भी बताए जाएंगे, जिससे वे प्रशिक्षण के बाद स्वयं का कार्य प्रारंभ कर सकें |आयोजकों ने बताया कि इस कार्यशाला के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक ठोस प्रयास किया जा रहा है, जिससे भविष्य में वे अपने पैरों पर खड़ी होकर परिवार और समाज के विकास में योगदान दे सकें |इस अवसर पर शुभा प्रेम, विमल सिंह, देव नाथ, सुरेश, मुलायम सिंह नीरा देवी, नीता ,मधु सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# प्रशिक्षण के नाम पर कोरम पूरा करने का पंचायत सहायकों ने लगाया आरोप,प्रदर्शन कर जतायी नाराजगी

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। सशक्त मजबूत एवं आत्मनिर्भर पंचायत बनाने के लिए पंचायत सहायकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा हैं। दुद्धी तहसील मुख्यालय स्थित आईटीआई कॉलेज में चल रहें चार दिवसीय प्रशिक्षण में रविवार को तीसरे दिन पंचायत सहायकों ने प्रशिक्षण के नाम पर सिर्फ कोरम पूरा करने का आरोप लगाया और प्रदर्शन कर नाराजगी जतायी |पंचायत सहायकों का कहना हैं कि हमलोगों को ग्राम पंचायत में टेक्निकल काम करना हैं लेकिन प्रशिक्षण में सिर्फ कम्प्यूटर की बेसिक जानकारी दी जा रही हैं जिसे लगभग हर पंचायत सहायक जानता है। महिला पंचायत सहायकों का आरोप हैं कि प्रशिक्षक से पूछने पर बताया नही जाता हैं और अनाप –शनाप कह कर बैठा दिया जाता हैं,




प्रशिक्षक तो इतना तक कहते हैं कि जितनी जानकारी हैं उतनी ही बता पाएंगे। आरोप हैं कि हमलोगों को कोन और म्योरपुर ब्लॉक से प्रशिक्षण के नाम से बुलाया जाता हैं हम सभी महिलाएं लम्बी यात्रा करके किसी तरह ट्रेनिंग सेंटर पहुंचते हैं लेकिन यहां ट्रेनिंग के नाम पर पंचायत सहायकों को बुलाकर सिर्फ कागजी कोरम पूरा किया जा रहा हैं। अभी तक हमलोगों को ई ग्रामस्वराज, गेटवे, बिल पेमेंट आदि के बारे में कुछ नही बताया गया |पंचायत सहायक संघ के जिलाध्यक्ष चंदन कुमार ने बताया कि जिले से चार दिवसीय प्रशिक्षण का शेड्यूल जारी किया गया हैं जिसमें टेक्निकल प्रशिक्षण की बात बतायी गई थी लेकिन नाममात्र के प्रशिक्षक भेजकर केवल कोरम पूरा कराया जा रहा हैं, पंचायत सहायको को कोई भी टेक्निकल प्रशिक्षण नही दी जा रही हैं, जबकि बभनी, म्योरपुर, कोन ब्लॉक से पंचायत सहायक अपना –अपना भाड़ा किराया लगाकर दुद्धी ट्रेनिंग सेंटर पहुंच रहें हैं |इस दौरान रंजन कुमार ब्लॉक अध्यक्ष म्योरपुर, विकास कुमार भारती ब्लॉक अध्यक्ष कोन, अमित कुमार यादव, अर्चना देवी, पुष्पा देवी, मोनिका, सुनील, राहुल, सतेश कुमार, रोज मुहम्मद, जय भीम भारती, उदय प्रताप सहित म्योरपुर एवं कोन ब्लॉक के पंचायत सहायक शामिल रहें।

# वसुधैव कुटुंबकम का भारतीय दर्शन ही वर्तमान वैश्विक समस्याओं का एकमात्र समाधानरू– उच्च शिक्षा मंत्री

## विश्व छात्र एवं युवा संगठन तथा मेटा के संयुक्ततत्वावधान में कुशीनगर में आयोजित विश्व शांति संवाद के समापन के अवसर पर 26 देशों के 180 विद्यार्थी प्रतिनिधि रहे उपस्थित।

कुशीनगर,। विश्व छात्र व युवा संगठन एवं मेटा के संयुक्त तत्वावधान में भगवान बुद्ध की परिनिर्वाण स्थली कुशीनगर में विश्व शांति संवाद का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 26 देशों के 180 विद्यार्थी प्रतिनिधियों ने सहभागिता निभाई।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कहा कि विश्व छात्र एवं युवा संगठन का अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थियों को एक साथ मंच पर लाने का कार्य सराहनीय है। आज जब विश्व समस्याओं में उलझा है। वहीं 26 देशों के 180 विद्यार्थी प्रतिनिधि शांति की स्थली कुशीनगर में शांति के दूत बनकर आए हैं। पूरे विश्व की समस्याओं को साझा रूप से निपटाने की यदि कोई वृत्ति देता है, तो वह वसुधैव कुटुंबकम का विचार है। विश्व की समस्या पर्यावरण है। विश्व की समस्या गरीबी है। विश्व की समस्या कुपोषण है। विश्व की समस्या आतंकवाद और युद्ध है।

इन सबका निराकरण या निदान यदि किसी एक फलसफे में है। एक दर्शन में है। एक अवधारणा में है। तो वह हमारा दर्शन है कि वसुधैव कुटुंबकम पूरी वसुधा एक है। एक परिवार है। हमारे दर्शन में सिर्फ मानव की समस्याओं का निदान नहीं खोजा जाता। जब हम वसुधैव कुटुंबकम की बात करते हैं, तो प्राणी मात्र के बारे में बात करते हैं। पूरा प्राणी जगत एक है। हम सब एक हैं, क्योंकि कल्पना में एक–दूसरे से जुड़ाव दिखाया जाता है। आकांक्षा यह रहती है कि सबका विकास हो चाहे वे पशु–पक्षी हों, कीड़े–मकोड़े हों, पेड़–पौधे हों, नदी–पहाड़ हों। ये सब हमारी संस्कृति में इसलिए पूजे जाते हैं क्योंकि इनका भी विकास और संरक्षण आवश्यक है। कहीं न कहीं ये मानव जीवन से जुड़े होते हैं। व्यक्ति से परिवार जुड़ा है, परिवार से समाज, समाज से राष्ट्र, राष्ट्र से विश्व, विश्व से सृष्टि और सृष्टि से ब्रह्मांड जुड़ा है। यद् ब्रह्माण्डे तत् पिण्डे, यही हमारा फलसफा है। यानी जो मुझमें है, वही तुझमें है। जो मुझमें है, वही सबमें है। यह चिंतन समग्रता का चिंतन है। सबको जोड़ने का चिंतन है। अभी विकास की भी बात होती है। डिजिटल टेक्नोलॉजी, आईटी, नवाचार, एआई लेकिन अगर ये सब नैतिकता से नहीं जुड़ेंगे तो घातक हो जाएंगे। हमें भय नहीं, भविष्य बनाना है। हमें शंका पैदा नहीं करनी, समाधान देना है। और यह तभी होगा जब हम विकास को नैतिकता और अपने इस दर्शन से जोड़ेंगे अन्यथा विकास विनाश बन जाएगा। आप सब इस संगठन से जुड़ रहे हैं। जो इस संवाद का विषय था। वसुधैव कुटुंबकम उसके एंबेसडर बनकर आप पूरे विश्व में अपने–अपने देशों में जाएंगे। जब आप अन्य जगह इन विचारों को पहुंचाएंगे, तो निश्चित रूप से यह युद्धवाद, आतंकवाद और वर्चस्ववाद समाप्त होगा। कार्यक्रम के विशिष्ठ अतिथि अमर कंटक विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश मणि त्रिपाठी ने कहा कि आज का यह शांति संवाद विश्व को एक नई दिशा देने वाला होगा। भगवान बुद्ध की यह धरती करुणा और प्रज्ञा की धरती है। यहाँ से निकला शांति का संदेश केवल शब्दों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह आचरण की शुद्धि का मार्ग है। तकनीकी युग में जब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, एआई की चर्चा हो रही है, तब बुद्ध का धम्म हमें यह सिखाता है कि बुद्धि के साथ हृदय का होना भी अनिवार्य है। युवा पीढ़ी को तकनीक का उपयोग मानवता के कल्याण के लिए करनी चाहिए न कि विनाश के लिए। कुशीनगर की मिट्टी से प्राप्त यह ऊर्जा आप सभी प्रतिनिधियों के माध्यम से वैश्विक शांति की नींव रखेगी। कार्यक्रम के विशेष अतिथि प्रख्यात शिक्षाविद् एवं जेएनयू के प्रोफेसर अश्वनी महापात्रा ने कहा कि आज का यह विश्व शांति संवाद केवल एक औपचारिक चर्चा नहीं, बल्कि एक वैश्विक वैचारिक क्रांति की शुरुआत है। जेएनयू और दुनिया के अग्रणी विश्वविद्यालयों से आए विचार सदैव समाज को दिशा देते रहे हैं। आज जब हम तकनीकी रूप से एआई के युग में प्रवेश कर चुके हैं, तब हमारे पास सूचनाएं तो बहुत हैं, लेकिन विवेक की कमी दिखती है। भगवान बुद्ध की यह निर्वाणस्थली हमें सिखाती है कि शांति का मार्ग बाहरी संघर्षों को जीतने से नहीं, बल्कि आंतरिक संतुलन से प्रशस्त होता है। भारत की ज्ञान परंपरा ने हमेशा सर्वे भवन्तु सुखिन का उद्घोष किया है। कुशीनगर से आप जो शांति और सह–अस्तित्व का संदेश लेकर जा रहे हैं, वह आधुनिक विश्व की भू–राजनीतिक अस्थिरता और युद्धों के बीच एक संजीवनी का कार्य करेगा। युवा ही वह शक्ति हैं जो भविष्य के विश्व मानचित्र पर शांति की अमिट लकीर खींच सकते हैं। कार्यक्रम में विश्व छात्र एवं युवा संगठन के अध्यक्ष नितिन शर्मा ने अतिथियों के प्रति आभार तथा धन्यवाद ज्ञापन महासचिव शुभम गोयल ने किया। युवा संगठन एवं मेटा के संयुक्त पहल पर यह विद्यार्थी समूह गत दो दिनों से गोरखपुर के दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में आयोजित हुए ग्लोबल एआई कॉन्क्लेव में प्रतिभाग किए थे। जहाँ विभिन्न सत्रों के माध्यम से उन्हें प्रशिक्षित किया गया था। आज जहाँ विश्व संकट के दौर में है। यह विद्यार्थी समूह विश्व को शांति का संदेश देने वाले भगवान बुद्ध के महानिर्वाण स्थल कुशीनगर में विश्व शांति संवाद में प्रतिभाग किया, तत्पश्चात बौद्ध भग्नावशेष का भ्रमण किया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक :- श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स, ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट-हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद-सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं मकान नं. 203 निकट बी.एस.एन.एल. टावर खलवा मोहल्ला, नगर पालिका परिषद बलरामपुर, जनपद- बलरामपुर, उ0प्र0-271201 से प्रकाशित । आर.एन.आई. नं0- UPHIN/2021/86502 । सम्पादक- राजेश कुमार शर्मा

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद-सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

# एटली ने अल्लू अर्जुन की फिल्म एए 22 से रहस्यमय शेर वाली पोस्टर जारी किया, प्रशंसकों में जगी उत्सुकता

एटली ने अल्लू अर्जुन की आने वाली फिल्म, एए22 के लिए एक रहस्यमयी शेर वाला पोस्टर




जारी करके फैन्स में काफी उत्साह जगा दिया है। इस पोस्टर में एक शेर का चेहरा दो अलग–अलग हिस्सों में बंटा हुआ दिखाया गया है, जो पुष्पा स्टार के लिए एक दमदार दोहरी भूमिका या एक जटिल किरदार की कहानी का संकेत देता है। एटली ने इसके साथ ही एक प्रेरणादायक कोट भी शेयर किया, आप जैसा कोई नहीं है, और यही आपकी ताकत है, जिससे इस फिल्म को लेकर अटकलें और भी तेज हो गई हैं। सन पिक्चर्स द्वारा प्रोड्यूस की जा रही यह फिल्म, 600 करोड़ के भारी–भरकम बजट पर बनाई जा रही है, जो इसे भारतीय सिनेमा के सबसे बड़े और महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट्स में से एक बनाती है। ब्लॉकबस्टर फिल्में देने के मामले में एटली के शानदार ट्रैक रिकॉर्ड और अल्लू अर्जुन की पैन–इंडिया स्टारडम को देखते हुए, इस कोलैबोरेशन से लोगों की उम्मीदें आसमान छू रही हैं। खबरों के मुताबिक, अल्लू अर्जुन के जन्मदिन यानी 8 अप्रैल को फिल्म का एक टीजर रिलीज होने वाला है, जिससे फैंस को फिल्म की दुनिया की एक झलक मिलेगी। फिल्म का आधिकारिक टाइटल, एए22–ए6, अल्लू अर्जुन की मुख्य अभिनेता के तौर पर 22वीं फिल्म और एटली के निर्देशन में बनी छठी फिल्म को दर्शाता है। यह फिल्म एक शानदार सिनेमाई अनुभव देने का वादा करती है, जिसमें जबरदस्त एक्शन, भव्यता और अत्याधुनिक विजुअल्स देखने को मिलेंगे। फिल्म की कास्ट में दीपिका पादुकोण, मृणाल ठाकुर, जान्हवी कपूर और रश्मिका मंदाना शामिल हैं, जिससे यह एक सितारों से सजी फिल्म बन गई है। अल्लू अर्जुन इस फिल्म में चार अलग–अलग भूमिकाएँ निभाते नजर आएंगे, जो एक ही परिवार की अलग–अलग पीढ़ियों को दर्शाती हैं। फिल्म के 2026 के आखिर या 2027 की शुरुआत में रिलीज होने की उम्मीद है, और फैंस बेसब्री से इससे जुड़ी नई जानकारियों का इंतजार कर रहे हैं।

# फिल्म वध 2 की ओटीटी रिलीज से उठा पर्दा, 3 अप्रैल को नेटफ्लिक्स पर होगा प्रीमियर




संजय मिश्रा और नीना गुप्ता की क्राइम थ्रिलर फिल्म वध 2 फरवरी, 2026 में रिलीज हुई थी। सिनेमाघरों में ठीक–ठाक प्रदर्शन करने के बाद, आखिरकार यह डिजिटल प्रीमियर के लिए तैयार हो गई है। जिन लोगों ने अब तक इसका लुत्फ नहीं उठाया है, उनके पास घर बैठकर फिल्म देखने का शानदार मौका आ रहा है। बता दें, साल 2022 में इसकी पहली किस्त वध आई थी जिसकी कहानी को बेहद पसंद किया गया था।

ओटीटी प्ले की रिपोर्ट के मुताबिक, वध 2 के डिजिटल अधिकार नेटफ्लिक्स द्वारा खरीदे गए हैं। फिल्म का प्रीमियर 3 अप्रैल, 2026 को इस प्लेटफॉर्म पर कर दिया जाएगा जिसे सब्सकाइबर यूजर्स फ्री में देख सकेंगे। जाहिर है कि बॉलीवुड फिल्मों के लिए आमतौर पर सिनेमाघरों में रिलीज होने के बाद 8 हफ्ते का समय दिया जाता है, और ओटीटी प्लेटफॉर्म पर वध 2 को रिलीज करने का यह कदम इसी नियम का अनुसरण करता है।

जसपाल सिंह संधू द्वारा लिखित और निर्देशित वध 2 भले ही मध्य प्रदेश की एक जेल पर आध ारित हो, लेकिन यह एक स्वतंत्र कहानी है जिसे पिछली किस्त का सीक्वल नहीं कहा जा सकता। फिल्म में संजय ने रिटायर पुलिस गार्ड शंभूनाथ मिश्रा का किरदार निभाया है, जबकि नीना कैदी मंजू सिंह के किरदार में हैं जो दोहरे हत्याकांड के आरोप में 28 साल से जेल में बंद है। इसकी कहानी खतरनाक साजिशों और कानूनी पेचीदगियों के इर्द–गिर्द घूमती है।

# रेड स्टाइलिश ड्रेस में रकुल प्रीत ने दिखाईं अदाएं, फैंस बोले– खूबसूरत

बॉलीवुड एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह हमेशा अपने बोल्ड और स्टनिंग लुक्स के कारण सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटोरती रहती हैं। उनके हर एक अंदाज को देखकर इंटरनेट पर सनसनी मच जाती है। हाल ही में बॉलीवुड अभिनेत्री रकुल प्रीत ने आज इंस्टाग्राम पर अपना लेटेस्ट लुक शेयर किया है। इस नए लुक अभिनेत्री रकुल प्रीत रेड ड्रेस में सिजलिंग पोज देती नजर आ रही हैं। रकुल का यह लुक उनके फैंस को बेहद पसंद आ रहा है। रकुल फिल्म पति पत्नी और वह 2 में नजर आएंगी। पति पत्नी



और वह 2 एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म हैं। पति पत्नी और वह 2 में आयुष्मान खुराना, सारा अली खान, वामिका गब्बी और रकुल प्रीत मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। पति पत्नी और वह 2 का निर्देशन मुदस्सर अजीज कर रहे हैं। पति पत्नी और वह 2 15 मई 2026 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह आए दिन अपने लेटेस्ट लुक शेयर कर अक्सर फैंस के दिलों पर खंजर चला देती हैं।

उनका हर एक लुक सोशल मीडिया पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। साथ ही फैंस उनके हॉट लुक को देखकर तारीफ करते नहीं थकते हैं।

एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वो जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं फैंस उनकी तस्वीरों पर जमकर लाइक्स और कॉमेंट्स करते हैं।

# धुरंधर 2 के बाद अब आखिरी सवाल से बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचाएंगे संजय दत्त, पहला पोस्टर जारी, रिलीज तारीख का भी ऐलान




धुरंधर और धुरंधर द रिवेंज की भारी सफलता को इस वक्त संजय दत्त एंजॉय कर रहे हैं। लोगों ने एसपी असलम चौधरी का उनका किरदार खूब पसंद किया। उनके डायलॉग काफी वायरल भी हुए, लेकिन अब वो इससे आगे बढ़ते हुए एक नई फिल्म में नजर आने के लिए पूरी तरह तैयार हो चुके हैं। संजय दत्त की अपकमिंग फिल्म आखरी सवाल का ऐलान हो गया है। पहले इसकी सिर्फ पहली झलक ही सामने आई थी और उसी से खलबली मच गई थी, लेकिन अब मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट का भी ऐलान कर दिया है। दमदार पोस्टर के साथ मेकर्स ने संजू बाबा की पर्दे पर वापसी की तारीख बता दी है। बढ़ती उत्सुकता के बीच अब रिलीज की तारीख 15 मई 2026 का भी खुलासा कर दिया गया है। आखरी सवाल का यह पोस्टर वास्तव में उस गंभीरता और विषय की सही झलक है जिसे फिल्म में दिखाया गया है। एक बड़े क्वेश्चन मार्क के बीच संजय दत्त का संजीदा चेहरा इस पोस्टर को काफी दिलचस्प बना रहा है, जिससे फिल्म को लेकर उत्सुकता बढ़ गई है। इसकी टैगलाइन इसे और भी दमदार बनाती है, वो सवाल जो भारत ने पूछना कभी बंद नहीं किया। यह अपने आप में इशारा करता है कि फिल्म एक ऐसे विषय पर आधारित है जिससे भारत लंबे समय से जूझ रहा है। पोस्टर पर रिलीज की तारीख भी साफ तौर पर 15 मई 2026 दिखाई गई है। इसके अलावा आखरी सवाल दर्शकों के सामने भारत के सबसे पुराने और एकजुट संगठनों में से एक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की 100 साल की यात्रा की सच्ची कहानी लेकर आने वाली है, जिसकी स्थापना 1925 में केशव बलिराम हेडगेवार ने की थी। दर्शकों को एक ऐसी महत्वपूर्ण मीटिंग देखने को मिलेगी जिसने भारत के भविष्य को बदल दिया, यह फिल्म इतिहास की उन कहानियों से कहीं आगे जाएगी जो हमारी किताबों में भी नहीं मिलतीं। यह राष्ट्र के लिए निस्वार्थ सेवा के मूल विचार पर रोशनी डालती है और दर्शकों को उन सच्चाइयों से रूबरू कराने का वादा करती है जो अब तक अनकही और अनदेखी रही हैं। भारत के युवाओं के मन में इस संगठन को लेकर कई सवाल और गहरी उत्सुकता है, जो ज्यादातर लोगों के लिए एक रहस्य जैसा रहा है, क्योंकि यह संगठन खुद का प्रचार करने या प्रेस कॉन्फ्रेंस करने में विश्वास नहीं रखता। इस फिल्म में संजय दत्त, अमित साध, नमाशी चक्रवर्ती, समीरा रेड्डी, त्रिधा चौधरी और नीतू चंद्रा जैसे सितारों की एक बेहतरीन कास्ट शामिल है। अनुभवी और टैलेंटेड कलाकारों के साथ यह फिल्म दर्शकों पर एक गहरा प्रभाव छोड़ने के लिए पूरी तरह तैयार है। अभिजीत मोहन वारंग जिन्होंने 2021 में मराठी ड्रामा पिकासो के साथ अपने निर्देशन की शुरुआत की थी, उन्हें 67वें नेशनल फिल्म अवार्ड्स में स्पेशल मेंशन मिला था। उन्होंने लगातार मराठी और हिंदी दोनों भाषाओं में शानदार फिल्में दी हैं। उनके कुछ कामों में डेजा वू, प्रेम प्रथा धूमशान, पिकोलो और शॉर्ट फिल्म वर्चुअल रियलिटी शामिल हैं। नीम ट्री एंटरटेनमेंट और निखिल नंदा मोशन पिक्चर्स के बैनर तले बनी इस फिल्म के मेकर्स हॉटस्टार और अन्य प्लेटफार्मों के लिए कई प्रोजेक्ट्स पहले ही पूरे कर चुके हैं। आखरी सवाल का निर्देशन नेशनल अवॉर्ड विनर फिल्म मेकर अभिजीत मोहन वारंग ने किया है। निखिल नंदा और धनराज नथवानी द्वारा प्रस्तुत इस फिल्म के निर्माता निखिल नंदा और संजय दत्त हैं, जबकि पुनीत नंदा, डॉ. दीपक सिंह, गौरव दुबे और उज्ज्वल आनंद इसके सह–निर्माता हैं। फिल्म की कहानी, स्क्रीनप्ले और डायलॉग उत्कर्ष नैथानी ने लिखे हैं। यह फिल्म 15 मई 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है।

# महिलाओं के लिए ट्रेंड में हैं ये 5 चश्मे, पहनकर हर मौके पर लगेंगी स्टाइलिश



चश्मे न केवल आंखों को सूरज की हानिकारक किरणों से बचाते हैं, बल्कि स्टाइल का भी अहम हिस्सा रहते हैं। आजकल बाजार में कई तरह के स्टाइलिश और आकर्षक चश्मे उपलब्ध हैं, जो हर महिला के लुक को खास बना सकते हैं। इस लेख में हम आपको 5 ऐसे चश्मों के बारे में बताएंगे, जो इन दिनों सबसे ज्यादा चलन में हैं। ये न केवल फैशनेबल हैं, बल्कि हर कपड़े के साथ शानदार दिख सकते हैं।

कैट आई फ्रेम

कैट आई फ्रेम एक ऐसा स्टाइल है, जो हर महिला पर अच्छा लग सकता है। इन फ्रेम वाले चश्मों का डिजाइन बिल्ली की आंखों जैसा होता है, जो आपको एक अलग ही लुक दे सकता है। कैट आई फ्रेम वाले चश्मे को आप किसी भी पोशाक के साथ पहन सकती हैं, चाहे वह पारंपरिक हो या आधुनिक। इनका आकर्षण आपके पूरे लुक को खास बना सकता है और ये रोजाना के इस्तेमाल के लिए बढ़िया हैं।

गोल फ्रेम

गोल फ्रेम हमेशा चलन में रहने वाला विकल्प है, जो इस साल भी ट्रेंड में है। इस तरह के चश्मे हर चेहरे पर अच्छे लगते हैं और हर मौके पर एक स्मार्ट लुक देते हैं। गोल फ्रेम को आप किसी भी प्रकार के परिधान के साथ पहन सकती हैं, चाहे वह ऑफिस के कपड़े हों या रोजमर्रा के ही क्यों न हों। इनका सरल डिजाइन ही इन्हें इतना खास बनाता है, जो एक सादगी भरा लुक प्रदान कर सकता है।

धातु के फ्रेम

धातु के फ्रेम हल्के होते हैं और इन्हें लंबे समय तक पहनना आरामदायक होता है। ये चश्मे हर प्रकार के कपड़ों के साथ अच्छे लगते हैं और आपको एक पेशेवर लुक दे सकते हैं। इस तरह के चश्मे उन महिलाओं के लिए बढ़िया रहेंगे, जो ज्यादा देर तक चश्मे पहनना पसंद करती हैं। इनका हल्का वजन और आकर्षक डिजाइन इन्हें खास बनाते हैं, जिससे आप हर मौके पर आकर्षक दिख सकती हैं।

सपाट लेंस वाले चश्मे: सपाट लेंस वाले चश्मे इस साल बहुत लोकप्रिय हो रहे हैं, क्योंकि ये एक अनोखा लुक देते हैं। इनका सपाट डिजाइन चेहरे पर अलग ही छटा बिखेरता है। सपाट लेंस वाले चश्मे को आप किसी भी प्रकार के कपड़ों के साथ पहन सकती हैं, चाहे वह पारंपरिक हो या आधुनिक। इनका आकर्षण आपके पूरे लुक को खास बना सकता है और आपको भीड़ से अलग दिखा सकता है। काले सपाट लेंस वाले चश्मे खास तौर से शानदार लगते हैं।

बड़े आकार के धूप के चश्मे: बड़े आकार के धूप के चश्मे न केवल आंखों को धूप से बचाते हैं, बल्कि चेहरे को पूरी तरह ढककर एक अलग ही लुक देते हैं। ये चश्मे खासकर गर्मियों में बहुत काम आते हैं, क्योंकि ये पूरे चेहरे को धूप से बचाते हैं। बड़े आकार के धूप के चश्मे को आप किसी भी प्रकार के परिधान के साथ पेयर कर सकती हैं, जिससे आपका स्टाइल और भी खास लगेगा।